

दैनिक
नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-97 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 23 मई 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## नीट-पीजी काउंसलिंग में अब नहीं होगी सीट ब्लॉकिंग, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक




नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेस में एडमिशन के दौरान चल रही सीट ब्लॉकिंग जैसी अनियमितताओं पर सख्ती दिखाते हुए नीट-पीजी काउंसलिंग प्रक्रिया में सुधार के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि सीट ब्लॉकिंग से निचली रैंकिंग वाले उम्मीदवारों को फायदा जबकि उच्च रैंकिंग वाले उम्मीदवारों को नुकसान पहुंचाता है। सीट ब्लॉकिंग गहरी प्रणालीगत खामियों को भी दर्शाता है। जस्टिस जे.बी. पारडीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने यह फैसला दिया है, जो कि देशभर में मेडिकल पीजी एडमिशन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

न्यायमूर्ति जेबी पारडीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ एनईईटी पीजी परीक्षाओं के लिए मेडिकल प्रवेश/परामर्श प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर सीटों को ब्लॉक करने के मुद्दे पर विचार कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीट ब्लॉकिंग की गड़बड़ियों से सीटों की वास्तविक उपलब्धता विकृत हो जाती है, उम्मीदवारों के बीच असमानता बढ़ती है और अक्सर प्रक्रिया योग्यता से अधिक संयोग से संचालित होती है।कोर्ट ने कहा कि सीट ब्लॉकिंग केवल एक अलग-थलग गलत काम नहीं है। यह खंडित शासन, पारदर्शिता की कमी और कमजोर नीति प्रवर्तन में निहित गहरी प्रणालीगत खामियों को दर्शाता है। एनईईटी-पीजी काउंसलिंग में सीट ब्लॉकिंग तब होती है जब उम्मीदवार अस्थायी रूप से सीटें स्वीकार करते हैं, लेकिन बाद में अधिक पसंदीदा विकल्प प्राप्त करने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं। इससे वे सीटें पहले दौर में अनुपलब्ध रहती हैं और बाद के चरणों में ही खुलती हैं, जिससे उच्च रैंक वाले उम्मीदवारों को नुकसान होता है, जो पहले से ही कम पसंदीदा विकल्पों के लिए प्रतिबद्ध हो सकते हैं।

### छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं, रूस दौरे से पहले प्रतिनिधिमंडल का स्पष्ट संदेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में रूस रवाना होने से पहले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद कैप्टन ब्रिजेश चौटा और राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को पूरी दुनिया को पहुंचाने जा रहे हैं कि हम आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में कोई कोताही नहीं बरतेंगे। पत्रकारों से बातचीत में इन नेताओं ने कहा कि भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। भारत की सुरक्षा के साथ कोई खिलाड़ी करने का दुस्साहस करेगा , तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे। हमने पहले भी दिया है और निश्चित तौर पर आगे भी देंगे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और भाजपा सांसद कैप्टन ब्रिजेश चौटा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनाया गया।



नई दिल्ली में तेज धूल भरी आंधी के बाद एक पेड़ उखड़कर एक कार पर गिर गया।

## प्रधानमंत्री ने देश भर के 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का किया उद्घाटन, मध्यप्रदेश के 6 स्टेशन शामिल




नर्मदापुरम (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए आज देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का बहुत बड़ा महायज्ञ चल रहा है। देश की सड़कें आधुनिक हों, रेल और रेलवे स्टेशन आधुनिक हों, इसके लिए पिछले 11 साल में अभूतपूर्व गति से काम किया गया है। आज भारत अपनी ट्रेनों के नेटवर्क को भी आधुनिक कर रहा है। वंदे भारत ट्रेनें, अमृत भारत ट्रेनें, नमो भारत ट्रेनें देश की नई गति और नई प्रगति को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत देशभर के 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन स्टेशनों में मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम, शाजापुर, कटनी साउथ, श्रीधाम, सिवनी और ओरछा स्टेशन शामिल हैं। इस प्रकार प्रदेश के कुल छह स्टेशनों को नई पहचान मिली है। श्री मोदी ने देश की कई अन्य रेल परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर आयोजित उद्घाटन समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, नर्मदापुरम विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा , सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक विजयपाल सिंह, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नगर पालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, नगर पालिका अध्यक्ष इटारसी पंकज चोरे, श्रीमती प्रीति शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया।

## हाईकोर्ट ने दिखवाया आईना, कहा- आप लोग शिक्षक हैं, यह क्यों भूल रहे हैं

कोलकाता ,(आरएनएस)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपनी एक टिप्पणी में आंदोलन कर रहें बर्खास्त शिक्षकों को आईना दिखाया और कहा कि, आप लोग शिक्षक हैं, यह क्यों भूल रहे हैं? पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन के सामने चल रहे बर्खास्त शिक्षकों के लगातार आंदोलन को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने आज अहम टिप्पणी की। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई, जहां उन्होंने प्रदर्शनकारियों को याद दिलाया कि वे शिक्षक हैं और उन्हें अनुशासन नहीं भूलना चाहिए। आज हुई सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति घोष ने कहा कि आप लोग शिक्षक हैं, यह बात क्यों भूल रहे हैं? कोर्ट आपके शांतिपूर्ण आंदोलन पर कोई रोक नहीं लगा रहा, लेकिन दूसरों को परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि 500 लोगों की भीड़ नहीं हो सकती, अब से 50 से 100 लोग ही एक साथ बैठ सकेंगे।



### जासूसी कांड : ज्योति मल्होत्रा को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया, पिता ने सरकारी वकील मांगा



हिसार (आरएनएस)। जासूसी कांड में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। उसकी पांच दिनों की पुलिस रिमांड खत्म होने वाली थी, जिस वजह से उसे कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट ले जाया गया, जहां कोर्ट ने फिर से उसे चार दिनों के लिए पुलिस रिमांड में भेजने का आदेश दिया।पुलिस के अनुसार, ज्योति मल्होत्रा तीन बार पाकिस्तान जा चुकी है। इसके साथ ही, वह जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड की यात्रा कर चुकी है। इन यात्राओं के दौरान उसने वहां की व्यवस्थाओं और महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया। पुलिस को एक वीडियो भी मिला है, जिसमें केदारनाथ धाम की व्यवस्थाओं और साधु-संतों से जुड़ी जानकारियां नजर आ रही हैं। पुलिस अब उससे पूछताछ कर और भी जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश कर रही है।ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उनकी बेटी को पहले पांच दिन की रिमांड पर लिया गया था और अब चार दिन के लिए दोबारा रिमांड पर भेजा गया है।

### पंजाब सरकार का बड़ा फैसला, पटियाला जिले के 8 गांव मोहाली में शामिल, नोटिफिकेशन जारी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब में पटियाला जिले के 8 गांव मोहाली जिले में शामिल कर लिए गए है। सरकार की तरफ से इस बारे में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस संबंध में पंजाब विधानसभा में पिछले दिनों प्रस्ताव पास किया गया था। मोहाली में पटियाला के जिन गांवों को शामिल किया गया है, उनमें माणकपुर, खेड़ा गंजू, ऊरना, चंगेरा, ऊचा खेड़ा, गुरदितपुरा, हदितपुरा और लहला गांव शामिल हैं।इन गांवों के मोहाली में आते ही जहां लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, उनकी जमीन की कीमत में भी बढ़ौतरी होगी। क्योंकि मोहाली का सर्किल रेट काफी अधिक है। इन गांवों को मोहाली में शामिल करने की मांग काफी समय से चल रही थी। इसके बाद पंजाब के भूमि रिकॉर्ड निदेशक को कपूरथला में शामिल करने के संबंध में एक पत्र लिखा गया था। पत्र में विभाग ने यह दलील दी है कि इस संबंध में इलाके की विधायक नीना मित्तल की ओर से एक पत्र प्राप्त हुआ है। इस मांग को ध्यान में रखते हुए, सरकार द्वारा पुनर्गठन की रिपोर्ट तैयार कर भूमि रिकॉर्ड जालंधर के डिप्टी डायरेक्टर (डीसी) को पत्र लिखा गया है।

### 'रिश्ते बेहतर बनाने हैं तो पाकिस्तान से कहो', दुनिया आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के साथ आएः विदेश मंत्रालय



नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम आतंकवाद से लड़ने के अपने संकल्प को दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आए।इसी बीच विदेश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा, हमें उम्मीद है कि तुर्की की ओर से पाकिस्तान को आतंकवाद पर अपना समर्थन बंद करने को कहेगा। तुर्किये और भारत के रिश्तों को लेकर रणधीर जायसवाल ने कहा कि रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनते हैं। भारतीय कारोबारियों ने भी तुर्किये के सेब और संगमरमर जैसे उत्पादों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया है। वहीं, भारत के शैक्षणिक संस्थानों ने भी तुर्किये का बायकॉट किया है।रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से भारत के खिलाफ आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। उसके कार्यों को उजागर करने की आवश्यकता है। उसे भारत के खिलाफ किए गए आतंकी हमलों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इसलिए सात प्रतिनिधिमंडल बनाए गए हैं। तीन प्रतिनिधिमंडल रवाना हो चुके हैं। यह एक राजनीतिक मिशन है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल दुनिया के 33 देशों में जा रहे हैं। सभी देश हमारे मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदार हैं। हमारे उनके साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। उनमें से कई देश सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं या आने वाले दिनों में सुरक्षा परिषद का हिस्सा बनेंगे। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, यह जरूरी था कि हम इन देशों में जाएं ताकि हम आतंकवाद पर भारत का संदेश बता सकें।

### ... तो मुस्लिम होने का घोषणापत्र देना होगा', SC में केंद्र ने कहा- वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं

नई दिल्ली(आरएनएस)। वक्फ संशोधन कानून 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई जारी है। तीसरे दिन एक बड़ी टिप्पणी उस वक्त सामने आई जब सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों के बीच कहा - इस्लाम तो इस्लाम ही रहेगा चाहे कोई कहीं भी रहे।केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वक्फ कानून में वक्फ करने वाले के लिए प्रैक्टिसिंग मुस्लिम होने की अनिवार्यता के प्रविधान को सही ठहराते हुए कहा कि शरिया कानून में भी अगर कोई मुस्लिम पर्सनल ला का लाभ लेना चाहता है तो उसे भी मुस्लिम होने का घोषणापत्र देना होगा। इस कानून में भी यही है बस पांच साल के प्रैक्टिसिंग मुस्लिम होने की बात कही गई है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, पुराने कानून में भी था कि वक्फ करने वाला मुसलमान होगा, लेकिन 20213 के संशोधन में मुसलमान शब्द हटा कर कोई भी व्यक्ति कर दिया गया था। इस नए संशोधित कानून में उसे बदला गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ तो मुसलमान ही करेगा। और अगर कोई हिंदू वक्फ को दान करना चाहता है तो अभी भी कर सकता है उस पर कानून में कोई रोक नहीं है।

### आधी रात को सलमान खान के घर में घुस कर आखिर क्या करना चाहती थी महिला, जीभ निकालने की तस्वीर आई सामने



मुंबई(ए.)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा में एक बार फिर से सेंध लगी है। हाल ही की एक घटना में 32 वर्षीय ईशा छाबड़ा नामक एक महिला सलमान के घर के लिफ्ट एरिया में घुस गई। हालांकि, इससे पहले कि वह एक्टर के मुख्य रेसिडेंशियल एरिया में पहुंच पाती, गुरुवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में सुरक्षा वाहन ने उसे रोक लिया। महिला की उम्र 32 साल है और उसका नाम ईशा छाबड़ा बताया जा रहा है। घटना के तुरंत बाद बांद्रा पुलिस स्टेशन को सूचित किया गया और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ईशा छाबड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर ईशा छाबड़ा आधी रात को सलमान खान के घर में घुसने का प्रयास क्यों कर रही थी। उसका मकसद क्या था? क्या वह सलमान खान की प्रशंसक थी या इसके पीछे कोई और गहरी साजिश थी? पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ईशा छाबड़ा से लगातार पूछताछ जारी है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि क्या वह मानसिक रूप से अस्थिर है या किसी दबाव में उसने यह कदम उठाया।




### सीबीआई के फेर में फंसे सत्यपाल मलिक, चार्जशीट दायर... तबीयत भी बिगड़ी

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की मुश्किलें बढ़ गई हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने किरु हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट मामले में सत्यपाल मलिक और पांच अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की। यह मामला करीब 2,200 करोड़ रुपए के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी को लेकर है। CBI ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था। साथ ही दिल्ली में 29 अन्य ठिकानों पर भी रेड की थी। यह मामला किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट मामले में करप्शन से जुड़ा है, तब सत्यपाल मलिक जम्मू-कश्मीर के गवर्नर हुआ करते थे। अप्रैल 2022 में सीबीआई ने इस मामले की जांच शुरू की थी।सत्यपाल मलिक ने ही कई इंटरव्यू और कार्यक्रमों में आरोप लगाया था कि इस प्रोजेक्ट में करप्शन हुआ था।

## भारतीय सेना हर चुनौती का जवाब देने में सक्षम : अनुराग ठाकुर



पांवटा साहिब (आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारतीय सेना ने जोरदार बदला लिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना ने अटैक करते हुए कड़ी कार्रवाई की। वहीं, भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा तिरंगा यात्रा निकाल रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर पांवटा साहिब में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा में शामिल अनुराग ठाकुर ने कहा, हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया कि भारत की सेना हर चुनौती का डटकर सामना करने में सक्षम है। यह तिरंगा यात्रा सैनिकों के साहस, बलिदान और शौर्य को सम्मान देने का एक छोटा सा प्रयास है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय जवानों द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस और पराक्रम को जन-जन तक पहुंचाना था। इस यात्रा के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर देश के वीर जवानों को सम्मान दिया और राष्ट्रभक्ति का संदेश फैलाया। रामलीला मैदान से शुरू हुई यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नागरिकों को देशभक्ति के रंग में रंगती गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा विचारक अनुराग गुप्ता भूषण उपस्थित रहे। अनुराग गुप्ता का हिमाचल की सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में अहम योगदान रहा है। वह पिछले दो दशकों से राष्ट्रसेवा और जन-जागरण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने वाले कई अभियानों का नेतृत्व कर चुके हैं और कई बार भाजपा की विचारधारा को जनमानस तक पहुंचाने में प्रमुख भूमिका निभा चुके हैं।

### अब सुंदरबन व गंगासागर द्वीप के आसमान में दिखे रहस्यमयी ड्रोन!

#### विश्व प्रसिद्ध कपिल मुनि मंदिर के ऊपर ड्रोन मंडराने की घटना से दहशत

कोलकाता/सागरद्वीप/सुंदरबन (आरएनएस)। महानगर कोलकाता के अति संवेदनशील व महत्वपूर्ण इलाकों में कथित तौर पर रहसम्यमयी ड्रोन के देखे जाने के बाद अब गंगासागर संलग्न सुंदबन अचंलों में भी ड्रोन देखे जाने के दावे से पुलिस प्रशासन सहित खुफिया व्यवस्था की चिंता बढ़ गई है। बुधवार देर रात दक्षिण 24 परगना के कई तटीय इलाकों सह गंगासागर, मौसुनी, बक्खाली और फ्रेजरगंज में अज्ञात ड्रोन उड़ते देखे जाने का दावा किया गया है। आज जैसे ही उक्त खबर मीडिया में आने लगी लोगों में दहशत भी फैली। उपरोक्त जगहों के स्थानीय निवासियों ने आधी रात के आसपास आसमान में कई रंग-बिरंगी रोशनियां देखी। कई लोगों ने इस घटना को अपने मोबाइल फोन पर कैद किया। ये रोशनियां कई मिनट तक दिखाई देती रहीं और तटीय इलाकों के अलग-अलग स्थानों से इसकी सूचना मिली। स्थानीय लोगों ने गंगा सागर तीर्थयात्रा के लिए विश्व प्रसिद्ध कपिल मुनि मंदिर के ऊपर ड्रोन मंडराते देखे, आधी रात की घटना के दौरान मोबाइल फोन से तस्वीरें ली। परिबाला गिरी नामक वृद्ध महिला ने बताया कि उन्होंने कपिलमुनि मंदिर के ऊपर कुछ मिनटों तक लगातार तीन चमकदार उड़ती वस्तुएं देखीं, जो उत्तर-दक्षिण दिशा में मंडरा रही थी।





# देश में गेहूं उपार्जन में मध्यप्रदेश का दूसरा स्थान

## –मुख्यमंत्री डॉ. यादव का गेहूँ के रिकार्ड उपार्जन पर खाद्य मंत्री ने किया अभिनंदन

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त लगभग 200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस की घोषणा करने से इस बार रवि विपणन वर्ष 2025–26 में लगभग 9 लाख किसानों से 77 लाख 75 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया है। जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 30 लाख मीट्रिक टन अधिक गेहूँ की खरीदी उपार्जन के माध्यम से की गई है जो गतवर्ष की तुलना में 62 फीसदी अधिक है। मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणा के बाद 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ खरीदने के कारण किसानों ने सबसे ज्यादा व्यापारियों की जगह उपार्जन केन्द्रों में गेहूँ बेचा। बोनस की घोषणा से गेहूँ उपार्जन के कार्य में प्राप्त इस बड़ी उपलब्धि पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने इंदौर में हुई मंत्रि–परिषद की बैठक में किसानों के हित में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिये गये बोनस एवं उसके बाद हुए रिकार्ड गेहूँ उपार्जन पर उनका अभिनंदन कर आभार व्यक्त करने के साथ लोकहित में कार्य करने के लिए लोकमाता की प्रतिमा भेंट की। उन्होंने बताया कि गेहूँ के उपार्जन में पंजाब के बाद मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि गेहूँ खरीद पर इस वर्ष लगभग 20 हजार करोड़ का भुगतान किसानों को किया गया है। इसके साथ ही समय पर किसानों को उपार्जित फसल का भुगतान करने से पूरे प्रदेश में किसानों के बीच खुशी का माहौल व्याप्त है। प्रदेश सरकार ने किसानों की आर्थिक समृद्धि के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये 1 लाख 25 हजार महिला किसानों से गेहूँ खरीदी का कार्य किया है। खाद्य, मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि बड़े हर्ष का विषय है कि हमारा प्रदेश देश में पंजाब के बाद गेहूँ खरीदने में दूसरे स्थान पर है।




प्रदेश की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन करते हुये खाद्य, मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि इस बार किसानों की सुविधा के लिये उपार्जन केन्द्र में भी बढ़ोत्तरी की गई थी, इसके अलावा समय पर परिवहन करने से 95 फीसदी से अधिक उपार्जित गेहूँ का भंडारण किया जा चुका है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज स्टेट हैंगर भोपाल में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से सौजन्य भेंट की

# उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ नरसिंहपुर में 26 मई को करेंगे कृषि उद्योग समागम का शुभारंभ

भोपाल (ए) प्रदेश में वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इन्वेस्ट मध्यप्रदेश के अंतर्गत अनंत संभावनाओं के दृष्टिगत नरसिंहपुर में 26 मई को कृषि उद्योग समागम का आयोजन होगा। उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ समागम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, उद्योगपति, किसान, आमजन आदि मौजूद रहेंगे।



### कार्यक्रम का उद्देश्य

कृषि उद्योग समागम 2025 का आयोजन मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश आकर्षित करने, और किसानों को बेहतर बाजार से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। यह समागम उद्योगपतियों कृषक उत्पादक संगठनों एवं नीति निर्माताओं के बीच संवाद, नीति प्रस्तुति एवं सहयोग के अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम में उद्योग इकाइयों का शिलान्यास एवं लोकार्पण तथा उद्योगपतियों को भूमि आवंटन पत्र एवं आशय पत्रों का वितरण भी होगा।राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि उद्योग समागम में आधुनिक कृषि तकनीकों व उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# 6 माह से फरार कुख्यात बदमाश तलवार सहित गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जूलूस

भोपाल(ए)। टीला जमालपुरा थाना पुलिस ने 6 महीने से फरार कुख्यात बदमाश को तलवार सहित गिरफ्तार किया है। टीला थाना टीआई डीपी सिंह ने बताया की बीते दिन मुखबिर से सूचना मिली की रईस उर्फ गोलू इस्लामी गेट ग्राउण्ड के पास धारदार तलवार लहराकर दहशत फैला रहा है। खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर बदमाश को दबोच लिया। रईस उर्फ गोलू अंसारी पिता स्व. अजीज अंसारी (22) निवासी थाना टीलाजमालपुरा के कब्जे से धारदार तलवार जप्त करते हुए उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला कायम किया गया है। पकड़ाये गये बदमाश के खिलाफ अदालत ने आर्म्स एक्ट के पूराने मामले में बीते 6 माह से फरार रहने पर स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गिरफ्तार आरोपी रईस उर्फ गोलू अंसारी के खिलाफ थाना टीलाजमालपुरा, मंगलवारा, छोला मंदिर, गौतमनगर 31 अपराधिक प्रकरण दर्ज है।



# मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 रहेगी मतदाताओं की संख्या, ऊंची इमारतों/कॉलोनियों में बनाए जाएंगे अतिरिक्त मतदान केंद्र

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल एवं सुविधाजनक बनाने की 18 नई पहल

भोपाल(निप्र)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल व सुविधा जनक बनाने के लिए 18 नई पहल शुरू की गई है। आयोग द्वारा मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 तक सीमित कर दी गई है। ऊंची इमारतों/कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मतदाता सूची अद्यतनीकरण के लिए, मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे आरजीआई डेटाबेस से प्राप्त किया जाएगा। सत्यापन के बाद इसे अद्यतन किया जाएगा।मतदाता सूचना पर्चियों को मतदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाया जाएगा। मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। सीईओ/डीईओ/ईआरओ स्तर पर अखिल भारतीय सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गईं। 4 हजार 719 बैठकें आयोजित की गईं। इसमें (सीईओ–40/डीईओएस–800/ईआरओएस–3879) और 28,000 से अधिक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों आप/भाजपा/बसपा/माकपा/एनपीपी के प्रमुखों के साथ चुनाव आयोग ने बैठकें की।आईआईआईडीईएम (बिहार, तमिलनाडु और पुडुचेरी) में राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के एजेंटों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम किया गया। सभी हितधारकों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए नए एकीकृत डैशबोर्ड - ECINET की शुरूआत की गई। डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर के मुद्दे का समाधान किया गया। अद्वितीय ईपीआईसी नंबर के लिए नई व्यवस्था लागू की गई। मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने की पूरी प्रक्रिया में 28 हितधारकों की पहचान की गई, जिनमें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950,



1951, मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम, 1961 और समय–समय पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर मतदाता, चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दल, उम्मीदवार और अन्य शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक हितधारक के लिए आयोग के अधिनियमों, नियमों और निर्देशों के आधार पर प्रशिक्षण प्रस्तुतियाँ तैयार की जा रही हैं। बीएलओ से मानक फोटो पहचान पत्र प्राप्त किया जाएगा। आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 3000 से अधिक बूथ स्तरीय पर्यवेक्षकों को पहले ही IIIDEM में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# पीएम मोदी का 31 को भोपाल आगमन, सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये

## –एसपीजी के हाथ में होगी सुरक्षा व्यवस्था की कमान

## –सभी जिम्मेदारी महिलाएं ही संभालेंगी



भोपाल(ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 31 मई को संभावित भोपाल दौरे को लेकर पुलिस ने सुरक्षा इंतजाम कड़े इंतेजाम किये हैं। सुरक्षा संबधी व्यवस्थाओ को लेकर भोपाल पुलिस कमिश्नर हरीनारायणचारी मिश्रा ने आला अधिकारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में पीएम की सुरक्षा से जुड़े अहम निर्देश पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को दिए हैं। सुरक्षा के चलते शहर की सीमाओ पर स्थित नाकों को सील कर दिया गया है। कड़ी चैकिंग के बाद ही बाहरी वाहनों को शहर की सीमा में प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं भोपाल की सभी होटल, लॉज, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। राजधानी में रहने वाले बाहरी व्यक्तियों और किराएदारों का वेरिफिकेशन शुरू कर दिया गया है। पीएम के आगमन के दिन भोपाल में करीब 3 हजार अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात रहेंगे। सम्मेलन की खास बात यह होगी कि पूरी व्यवस्था महिलाओं के हाथों में होगी।

मंच संचालन से लेकर भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक, मीडिया और सुरक्षा तक का जिम्मा महिलाएं ही संभालेंगी। आगामी दिनो में एसपीजी की टीम पीएम के कार्यक्रम स्थल को अपने सुरक्षा घेरे में ले लेगी। एसपीजी के अधिकारी स्टेट हैंगर पर भी तैनात रहेंगे। सुरक्षा के लचते पुलिस ने पीएम के कार्यक्रम स्थल के पांच किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, हॉट एयर बॅलून व फ्लाईंग ऑब्जेक्ट उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने वाली है। अगर कोई एसपीजी की बिना अनुमति ऐसा करता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीएम मोदी देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के मौके पर जंबूरी मैदान में महिला सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में करीब एक लाख महिलाओ के शामिल होने का अनुमान है।

# चरित्र संदेह को लेकर जंगल ले जाकर पति ने पत्नि पर किया कुल्हाड़ी से हमला

भोपाल(ए)। सूखी सेवनिया इलाके में एक पति ने अपनी पत्नी को जंगल ले जाकर उस पर कुल्हाड़ी से कातिलाना हमला कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया। काफी समय तक जब महिला घर नहीं लौटी तब परिजन उसे तलाश करते हुए जंगल में पहुंचे। जहॉ उन्हें महिला खून से लथपथ हालत में मिली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 42 वर्षीय देवकी बाई प्रेमपुरा गांव में अपने पति छगनलाल यादव व परिवार के अन्य लोगों के साथ रहती है। सेवंती अपने पति के साथ मेहनत–मजदूरी



करने के लिए जाती है। पति–पत्नी रोजाना सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए शीतगढ़ के जंगल में जाते हैं। रोजाना की तरह मंगलवार 20 मई की अलसुबह करीब 6 बजे वह पति छगनलाल के साथ पत्ते तोड़ने के लिए जंगल गई थी। दोपहर 12 बजे तक जब वह वापस नहीं लौटी तब परिजन उसे देखने के लिए जंगल में गए। वहॉ शिव मंदिर के पीछे देवकी बाई खून से लथपथ हालत में पड़ी मिली जबकि पति छगनलाल मौके से गायब था। परिजनों ने उसे फौरन ही इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुचीं पुलिस ने घायल महिला के बयान दर्ज किए। घायल महिला ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि उसका पति छगनलाल उसके चरित्र पर सदेंह करता है। इसी बात को लेकर उनके बीच आये दिन कलह होती रहती थी। घटना वाले दिन जब वे जंगल में पत्ते तोड़ रहे थे। तब छगनलाल ने एक बार फिर उसके चरित्र पर शक करते हुए विवाद करना शुरू कर दिया।

# मध्यप्रदेश की डिजाइन से 220 और 132 के.व्ही. के टॉवर छत्तीसगढ़ में होंगे तैयार

## दोनों राज्यों में तकनीक आदान–प्रदान पर हुआ करार

भोपाल (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बाताया है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी का तकनीकी ज्ञान अब मध्यप्रदेश के विद्युत विस्तार में योगदान देगा। छत्तीसगढ़ 400 केवी के टॉवर की डिजाइन मध्यप्रदेश को देगा और मध्यप्रदेश के 220 केवी और 132 केवी के टॉवर की डिजाइन लेगा। इस तकनीक व कौशल के आदान–प्रदान से दोनों प्रदेश की पॉवर कंपनी का लाभ होगा। इस नई तकनीक से ट्रांसमिशन कंपनी के विशाल टावरों के स्थापना में कम भूमि की जरूरत पड़ेगी।छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि प्रौद्योगिकियों के परस्पर विनियम से सभी पक्षों की दक्षता बढ़ती है। इसका लाभ दोनों राज्यों को मिलना सुखद है। प्रौद्योगिकीय उन्नयन से ही भावी चुनौतियों का सामना किया जा सकेगा। एमडी राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि दोनों कंपनी के आपसी सहयोग व तकनीक साझेदारी का लाभ दोनों राज्यों को मिलेगा। इससे अत्याधुनिक पारेषण प्रणाली, तकनीक और प्रशिक्षण का आदान–प्रदान हो सकेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के बीच जबलपुर के शक्ति भवन में अनुबंध हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (योजना, वाणिज्यिक एवं विनियामक मामले) के. एस. मनोठिया और मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक समीर नगोटिया (वाणिज्यिक एवं विनियामक मामले) ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर एमपीपीटीसीएल के प्रबंध निदेशक इंजी. सुनील तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को 400 केवी अति उच्च दाब टॉवर खड़ा करने में विशेष दक्षता हासिल है। इसकी डिजाइन को छत्तीसगढ़ ने केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) बैंगलोर को भेजा था, जहां वेटिंग, चेकिंग और स्क्रूटनी के पश्चात् टॉवर स्ट्रक्चर की डिजाइन को बेहतर माना गया। मध्यप्रदेश में 220 केवी और 132 केवी के अतिउच्च दाब टॉवर की नेरो बेस डिजाइन बेहतर मानी जाती है, जिसमें कम जमीन का उपयोग करते हुए सकरे फाउंडेशन में विशाल टॉवर खड़े किये जाते हैं।

# जिला और प्राथमिक स्तर पर रक्तस्राव विकारों के लिए विशेष सेवाओं का किया जा रहा है विस्तार : डॉ. सिडाना

## हीमोफिलिया रोगियों के लिए सुलभ और गुणवत्तापूर्ण उपचार की दिशा में ठोस रणनीति पर सहमति बैठक में किया गया मंथन



भोपाल (आरएनएस)। मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली को समावेशी और रोगी–केंद्रित बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें हीमोफिलिया, सिकल सेल और अन्य गैर–संचारी रोगों को समान प्राथमिकता मिल रही है। एनएचएम द्वारा जिला और प्राथमिक स्तर पर रक्तस्राव विकारों के लिए विशेष सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में हम एक हीमोफिलिया रजिस्ट्री तैयार कर रहे हैं। इसे अधिक गतिशील और पोर्टेबल बनाए जाने की आवश्यकता है जिससे रोगियों को किसी भी जिले में निर्बाध उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि क्लॉटिंग फैक्टर थेरेपी उपचार की आधारशिला है, लेकिन एमिसिज़ुमैब जैसी नॉन–फैक्टर थेरेपी अब संभावनाओं के नए द्वार खोल रही हैं, जिन्हें हमें राज्य की सेवा प्रणाली में सम्मिलित करने के तरीके तलाशने होंगे। इसके लिए रोगियों और स्वास्थ्यकर्मियों दोनों में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है।एनएचएम भोपाल, हीमोफिलिया सोसाइटी, मध्यप्रदेश चैप्टर (भोपाल), गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश में हीमोफिलिया से पीड़ित मरीजों के लिए समान, सुलभ और प्रभावी उपचार ढांचे की दिशा में ठोस नीति तैयार करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सहमति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हीमोफिलिया के उपचार और प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण सिफारिशें की गईं। प्रमुख राष्ट्रीय हेमेटोलॉजिस्ट, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, नीति निर्माता, रोगी प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए।डॉ. आर.के. निगम, एल.एन. मेडिकल कॉलेज, भोपाल, ने बताया कि प्रदेश में करीब 1,000 पंजीकृत हीमोफिलिया रोगी हैं, जबकि वास्तविक संख्या कहीं अधिक हो सकती है। उन्होंने बेहतर निदान और राज्यव्यापी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना पर जोर दिया। डॉ. रूबी खान, डिप्टी डायरेक्टर, स्वास्थ्य सेवाएं, मध्यप्रदेश ने कहा कि हीमोफिलिया का सही समय पर निदान, नियमित रिप्लेसमेंट थेरेपी और मजबूत रेफरल प्रणाली हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हर अनुपचारित रक्तस्राव न केवल रोगी के जीवन की गुणवत्ता पर असर डालता है, बल्कि हमारी स्वास्थ्य प्रणाली की कमजोरी को भी दर्शाता है।डॉ. नरेश गुप्ता, प्रबंध निदेशक, मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज, ने कहा कि नियमित रिप्लेसमेंट थेरेपी जोड़ों की सुरक्षा और जीवन की गुणवत्ता के लिए अनिवार्य है। उन्होंने एमिसिज़ुमैब जैसी उन्नत नॉन–फैक्टर थेरेपी को दुर्गम क्षेत्रों और विशेष मामलों में प्रभावी समाधान बताया। पैनल चर्चाका संचालन वरिष्ठ हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. तुलिका सेठ ने किया। उन्होंने कहा कि हर अनुपचारित रक्तस्राव रोगी के जीवन से औसतन 16 दिन छीन लेता है। यह आवश्यक है कि हम साक्ष्य–आधारित राज्य–समर्थित दिशानिर्देशों को अपनाएं और प्रोफिलैक्सिस को व्यापक रूप से लागू करें।डॉ. वरुण कौल, सहायक प्रोफेसर, बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, ने बताया कि एमिसिज़ुमैब जैसी नॉन–फैक्टर थेरेपी के माध्यम से हीमोफिलिया ए प्रबंधन में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव हो रहा है, जिससे रक्तस्राव की घटनाओं में भारी कमी देखी जा रही है।

# भाजपा के नेताओ का यह कैसा चाल चरित्र चेहरा – इंजी नवीन कुमार अग्रवाल

भोपाल (आरएनएस)। अपने आप को राष्ट्रवादी ,सत्यवादी, स्वच्छ चरित्र की दुहाई देने वाली भाजपा के नेताओ का लगता है अब पाप का गढ़ा भर गया है और अब भाजपा के नेता अपने चाल चरित्र और चेहरे को जो उन्हें अच्छा लगता है उसे ही राष्ट्रीयता सत्यता और स्वच्छ छवि मानने लगे है और जो कार्य वो करे चाहे सेना का अपमान करे इनके नेता महिलाओ के साथ बदनीयती करे सब स्वच्छ। चाहे वो बिहार, उत्तरप्रदेश राजस्थान कर्णाटक का मामला हो चाहे वो मंदसौर मध्यप्रदेश के 8 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर खुलेआम आपत्तिजनक स्थिति का मामला हो, न कोई डर न कोई लाज लज्जा न कोई शर्म । आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता इंजी नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा की अभी हाल में ही एक विधायक का वीडियो वायरल हुआ था जिसमे वो एक महिला को अपनी गोदी में बैठाकर बदसुलूकी कर रहे थे और अब एक और मंदसौर के भाजपा से जुड़े कद्दावर नेता की विडिओ वायरल हुई है जिसमे वो एक महिला के साथ 8 लेन सड़क पर खुलेआम आपत्तिजनक स्थिति में दिखाई दे रहे है जो की एक सभ्य समाज के लिए शर्मिंदगी भरा होने के साथ ही भारतीय समाज के लिए कलंक है । अब प्रदेश के साथ ही देश के आमजन को सोचना है की हम इस प्रकार के भाजपा नेताओ को जिताकर किस प्रकार के राष्ट्र का निर्माण करना चाहते है। अग्रवाल ने डबल इंजन की मोदी यादव सरकार से प्रसन किया है की क्या आपको नहीं लगता की आपका नेतृत्व अब शून्य हो गया है जो आपके छुटभैये नेताओ से लेकर मंत्री स्तर के भाजपा से जुड़े नेतागण अपनी स्वेच्छारिता प्रदर्शित कर रहे है चाहे वो सेना को अपमानित करने वाले विजय शाह जगदीश देवड़ा हो चाहे वो खुलेआम अपमानजनक स्थिति में सड़क पर रंगरेलिया मनाते हुए नेता हो चाहे वो तिरंगे से नाक पोंछते हुए जयपुर में विधायक हो और आप मूकदर्शक बन गांधीजी के तीन बंदरो की देशवासियो को याद दिला रहे हो ? क्या भाजपा से जुड़े नेता राष्ट्र और सभ्य समाज से ऊपर हो गए है ?

# ग्राम महगवां में हुए जल संगोष्ठी में शामिल ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

## ग्राम महगवां में हुए जल संगोष्ठी में शामिल ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ



कटनी (आरएनएस)। विकासखंड बड़वारा के ग्राम महंगवा में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संगोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया के मार्गदर्शन मे सर्वप्रथम नदी, पोखरों, कुंआ एवं बावड़ियों में जल स्तर कम होने के कारण भविष्य में होने वाली समस्याओं को बताते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी से आग्रह किया गया कि इस साल बारिश के मौसम में वर्षा जल को सभी लोग अपने-अपने घरों में 2 फीट का सोख्ता पिट गढ्ढ़ा बनाकर वर्षा जल का संचय करें। जिससे गांव में उपलब्ध कुंआ, बावड़ी, नदी, तालाब का जल स्तर बढ़ेगा। सभी ग्रामीणों की नैतिक जवाबदारी मानते हुए यह कार्य करना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों और ग्रामीण जनों को जल बचाने के लिए शपथ दिलाई गई। जल संगोष्ठी बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत बरछेका सचिव श्याम सुंदर पटेल, पंच रामलाल भूमिया, लालजी सिंह, राम सिंह, जयालाल सिंह, राधाबाई, सुरेश कुमार बर्मन, मुनेश कुमार, बर्मन बसंत, लाल बर्मन, मीराबाई भूमिया, रमेश कुमार भूमिया, मदनलाल भोमिया, ओंकार सिंह, मांडवी राजपूत, शालिनी राजपूत, ग्राम विकास प्रस्फुटन महगवां समिति से संस्था प्रमुख हरभगत सिंह, समिति सदस्य कमलेश कुमार, राजेश कुमार रामवटी सिंह, नंदिनी बर्मन, वेद कुमारी, जगमोहन बर्मन, राजकुमार सुखेंद्र सिंह, प्रमोद सोनी, गोवर्धन सोनी, प्रदीप कुमार, रागिनी, बलराम सिंह, दीपक सिंह, भीम सिंह, मथुरा प्रसाद सिंह, ओमकार बर्मन, जयकुमार, लालजी सिंह, मुन्नीलाल साहू, मुन्नीबाई साहू, बुद्धू लाल साहू, बिहारी लाल विश्वकर्मा, ममता बाई विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## अनाथ बच्चों के उत्थान के संबंध में योजना साथी का क्रियान्वयन किया जा रहा है

अलीराजपुर (आरएनएस)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अनाथ बच्चों के उत्थान के संबंध में योजना साथी पर कार्य किया जा रहा है जिसके तहत अनाथ बच्चों की पहचान कर उनके आधार कार्ड बनवाये जाकर उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किये जाने तथा उनके विकास हेतु कार्य किया जा रहा है।

योजना"साथी" के क्रियान्वयन हेतु अनाथ बच्चों की जानकारी एवं उन्हें चिन्हित किया जाना आवश्यक है। आमजन से अपील है कि उनके आस-पास एवं उनके संज्ञान में ऐसे बच्चे जो अनाथ एवं बेसहारा हैं एवं उनके पास उनका आधार कार्ड भी नहीं है, के संबंध में जिला न्यायालय परिसर, स्थित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क कर सूचना देवें। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी गई।

## कैबिनेट मंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हेक्साकॉप्टर ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल्स छिड़काव का शुभारम्भ किया



झाबुआ (आरएनएस)। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर नेहा मीना की विशेष उपस्थिति में हेक्साकॉप्टर ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल्स छिड़काव का शुभारम्भ किया गया। हेक्साकॉप्टर ड्रोन के माध्यम से अतिथियों की उपस्थिति में पहले इमली और सीताफल के बीजो का छिड़काव किया गया। इसके उपरान्त आजीविका मिशन की दीदीओं द्वारा ड्रोन के छिद्रों के आकार के अनुरूप बनाये गये सीडबॉल्स का छिड़काव किया गया। इस उपलक्ष्य मे कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि विगत वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सीडबॉल्स का छिड़काव किया गया था जिसके सार्थक परिणाम नजर आए है। इस वर्ष भी सीडबॉल्स छिड़काव का कार्य वृहद स्तर पर किया जाएगा जिसके लिए शुभकामना एवं बधाई है।

## निजी स्कूलों की ठेकेदारी और मनमानी पर शिक्षा विभाग की नहीं कमांड

बुरहानपुर (ए.)। नए शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है पालक बच्चों की स्कूल सामग्री को लेकर परेशान है निजी स्कूलों की ओर से किताबों की सूची सार्वजनिक में देरी के बाद अब एक ही स्थान से किताब कापियों के खरीदने का दबाव समाप्त नहीं हुआ था कि अब अनेक स्कूलों ने अपने यूनिफार्म बदल दिए हैं उसे भी लेकर फिर ठेकेदारी का मामला सामने आ रहा है पालकों को दुकान का नाम बता कर ड्रेस वहीं से खरीदने को कहा जा रहा है। निजी स्कूल संचालक मनमानी से कभी भी यूनिफॉर्म बदलने का निर्णय लेकर पालकों को परेशानी में डाल रहे हैं, पहले तो किताब कॉपी के लिए किसी एक दुकान का नाम बताया जाता है अब यूनिफॉर्म बदलने की स्थिति में भी फिर एक बार ठेकेदारी सामने आ रही है लेकिन शिक्षा विभाग और उसमे बैठे जिम्मेदार यहां भी खामोश है सब कमीशन खोरी के चक्कर में खुले बाजार से खरीदने पर प्रतिबंध बस जिस दुकान का नाम स्कूल संचालकों की ओर से बता दिया गया वहां से खरीदना पलकों की मजबूरी है लेकिन जिम्मेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिस के चलते पालकों को महंगे दामों पर स्कूल सामग्री और यूनिफॉर्म खरीदना पड़ रहा है।




## शासकीय राशि के गबन के आरोप में दो पूर्व सरपंचों के विरुद्ध वारंट जारी एक को भेजा गया केंद्रीय जेल.

जबलपुर (ए.)। न्यायालय विहित प्राधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा-92 के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की सुनवाई में दो पूर्व सरपंचों को जेल भेजने का वारंट जारी किया है। निर्माण कार्यों के लिये स्वीकृत राशि का गबन करने के दोषी इन पूर्व सरपंचों में से एक को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल जबलपुर भेजा गया है। जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय विहित प्राधिकारी द्वारा बीते लगभग दो माह के दौरान मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा- 92 के अंतर्गत दर्ज 45 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इनमें से 15 प्रकरणों में 10 लाख 30 हजार रुपये की वसूली राशि जमा कराई गई तथा आठ प्रकरणों में 13 लाख 17 हजार 694 रुपये से सीसी सड़क,



अतिरिक्त कक्ष, पौधारोपण एवं चेकडेम निर्माण जैसे कार्यों को पूर्ण कराया गया। धारा-92 के शेष प्रकरणों में वसूली की राशि जमा करने दोषी व्यक्तियों को नोटिस जारी किये गये हैं। जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय विहित प्राधिकारी जिला पंचायत द्वारा 4 लाख 71 हजार 702 रुपये की शासकीय राशि का गबन करने के दोषी जनपद पंचायत कुण्डेश्वरधाम की ग्राम पंचायत गौरी के पूर्व सरपंच संत कुमार चौधरी के विरुद्ध धारा-92 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। निर्माण कार्यों के लिये स्वीकृत इस राशि में भवन मरम्मत के लिये 58 हजार रुपये, नाली निर्माण के लिये 2 लाख 60 हजार 702 रुपये एवं बाउन्ड्रीवाल निर्माण के लिये 1 लाख 53 हजार रुपये की राशि शामिल थी। संत कुमार चौधरी द्वारा ग्राम पंचायत गौरी का सरपंच रहते स्वीकृत इस राशि को अपने खाते में जमा कर लिया गया था। पूर्व में हुई सुनवाई में संत कुमार को वसूली की यह राशि जमा करने का अवसर भी दिया गया, लेकिन समय सीमा के भीतर यह राशि जमा नहीं कराये जाने पर वारंट जारी कर उन्हें 20 मई को केंद्रीय जेल जबलपुर भेज दिया गया।इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत पौडीकला के पूर्व सरपंच रामचरण बर्मन के विरुद्ध भी न्यायालय विहित प्राधिकारी जिला पंचायत द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

## व्यापार समाचार

# कमजोर वैश्विक वृद्धि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत : आरबीआई




नई दिल्ली (आरएनएस)। वैश्विक विकास लगातार व्यापारिक तनाव, बढ़ी हुई नीतिगत अनिश्चितता और कमजोर उपभोक्ता भावना के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि उच्च व्यापार और टैरिफ-संबंधी चिंताओं के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

आरबीआई बुलेटिन के अनुसार, इन चुनौतियों के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती प्रदर्शित की है। अप्रैल में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों के हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स ने अपनी गति बनाए रखी। रबी की बंपर फसल और गर्मियों की फसलों के लिए अधिक रकबा, साथ ही 2025 के लिए अनुकूल दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वानुमान, कृषि क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत देते हैं।

बुलेटिन में कहा गया है कि जुलाई 2019 के बाद से लगातार छठे महीने हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति अपने निम्नतम स्तर पर आ गई, जो मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में निरंतर कमी के कारण हुई। अप्रैल में डोमेस्टिक फाइनेंशियल मार्केट सेंटीमेंट में उतार-चढ़ाव रहा, लेकिन मई के तीसरे सप्ताह से इसमें सुधार देखने को मिला।

इस साल अप्रैल में कृषि श्रमिकों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण श्रमिकों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर में गिरावट आई और यह क्रमश: 3.48 प्रतिशत और 3.53 प्रतिशत हो गई, जो कि अप्रैल 2024 में क्रमश: 7.03 प्रतिशत और 6.96 प्रतिशत थी, जिससे गरीब परिवारों को राहत मिली।

इसके अलावा, घरेलू इक्विटी बाजार, जो अमेरिका द्वारा टैरिफ घोषणाओं के जवाब में शुरू में गिर गया था, अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में कुछ बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर की कंपनियों के चौथी तिमाही के लिए मजबूत कॉर्पोरेट आय रिपोर्ट के मद्देनजर फिर से गति पकड़ने लगा। इसके अलावा, 2014-2024 के दौरान नोट्स इन सर्कुलेशन (मूल्य के संदर्भ में एनआईसी) की वृद्धि दर पिछले दो दशकों की तुलना में काफी कम थी।

1994-2004 के दौरान एनआईसी में वृद्धि जीडीपी की तुलना में काफी अधिक थी; हालांकि, अगले दो दशकों में यह अंतर काफी कम हो गया है। बुलेटिन में कहा गया है कि नाइटलाइट्स-करों के बीच और नाइटलाइट्स-जीडीपी के बीच भी सकारात्मक संबंध बने हुए हैं। इसका मतलब है कि औपचारिक आर्थिक गतिविधि बैंक नोटों का इस्तेमाल कम कर रही है।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 644 , निफ्टी 203 अंक गिरा

मुम्बई ,(आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 644.64 अंक तकरीबन 0.79 फीसदी नीचे आकर 80,951.99 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 203.75 अंक तकरीबन 0.82फीसदी नीचे आकर 24,609.70 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस भी बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। आज सेंसेक्स के ज्यादातर स्टॉक्स नीचे आये। सेंसेक्स की 30 में से केवल 4 कंपनियों के शेयर ही ऊपर आये। वहीं 25 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए जबकि एक कंपनी के शेयर में बदलाव नहीं रहा। दूसरी ओर निफ्टी की केवल 11 कंपनियों के शेयरों में ही बढ़त रही। इसके अलावा 39 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल इंडसइंड बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा 1.73 फीसदी की बढ़त रही।

## अरुणाचल प्रदेश का जीएसटी कलेक्शन 66 प्रतिशत बढ़ा, करदाताओं की संख्या 20,000 के पार

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश का जीएसटी कलेक्शन अप्रैल में सालाना आधार पर रिकॉर्ड 66 प्रतिशत बढ़ा है। यह जानकारी मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू की ओर से दी गई।




मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए लिखा, अरुणाचल ने अप्रैल 2025 में अपना अब तक का सबसे अधिक मासिक 332 करोड़ रुपए का जीएसटी संग्रह दर्ज किया है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 66 प्रतिशत अधिक है। पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा, 2017 में जीएसटी के लॉन्च होने के बाद से अरुणाचल का करदाता आधार काफी बढ़ गया है और आज राज्य में 20,000 से अधिक पंजीकृत करदाता हैं।इस पोस्ट के साथ खांडू ने एक पोस्टर भी शेयर किया, जिसमें लिखा हुआ था कि सालाना आधार पर जीएसटी कलेक्शन में 66 प्रतिशत की वृद्धि मजबूत आर्थिक विकास का संकेतक है। साथ ही इसमें आगे लिखा था कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से राज्य के कर आधार में कई गुना की वृद्धि हुई है। भारत का अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन बढ़कर रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले साल इसी महीने के 2.10 लाख करोड़ रुपए से 12.6 प्रतिशत अधिक है। इस साल अप्रैल में घरेलू लेनदेन से जीएसटी संग्रह 10.7 प्रतिशत बढ़कर 1.9 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपए हो गया।अप्रैल के दौरान रिफंड जारी करने की राशि 48.3 प्रतिशत बढ़कर 27,341 करोड़ रुपए हो गई।

## शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए अच्छी खबर, निवेशकों की होगी अब बंपर कमाई

मुंबई (आरएनएस)। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बैंक मॉर्गन स्टेनली ने शेयर बाजार में बड़ी तेजी की उम्मीद जताई और कहा कि जून 2026 तक सेंसेक्स 89,000 के स्तर तक पहुंच सकता है, जो कि मौजूदा स्तरों से करीब 8 प्रतिशत अधिक है। मॉर्गन स्टेनली की ओर से सेंसेक्स के लक्ष्य में बढ़ोतरी करना दिखाता है कि वित्तीय फर्म का भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति पर विश्वास बना हुआ है और आय के आउटलुक में भी सुधार हो रहा है।इसके अतिरिक्त मॉर्गन स्टेनली ने प्रति शेयर आय (ईपीएस) अनुमान को भी करीब एक प्रतिशत बढ़ाया है और साथ ही जीडीपी वृद्धि दर अनुमान में भी इजाफा किया। रिपोर्ट में कहा गया कि सेंसेक्स का 23.5 गुना के पीई पर कारोबार करने का अनुमान है और यह इंडेक्स के 25 वर्ष के औसत 21 गुना से अधिक है। यह प्रीमियम मूल्यांकन भारत के स्थिर नीतिगत माहौल और मध्यम अवधि की विकास संभावनाओं में निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। ब्रोकरेज फर्म ने भारत की मजबूती और क्षमता के पीछे कई कारण गिनाए। इसमें मजबूत स्थिर वातावरण, राजकोषीय घाटे में कमी, महंगाई में कम उतार-चढ़ाव और मजबूत घरेलू निवेश शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अगले तीन से पांच वर्षों में वार्षिक आय वृद्धि मिड टू हाई की रेंज में रहने की उम्मीद है। इसकी वजह निजी पूंजीगत खर्च में वृद्धि, मजबूत बैलेंसशीट और खपत में बढ़त होना है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हाल की वैश्विक घटनाओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों ने धैर्य दिखाया है। खुदरा निवेशकों ने लगातार निवेश जारी रखा है, जिससे भारत की संरचनात्मक विकास कहानी में विश्वास मजबूत हुआ है।

## दिल्ली के बावली बाजार में ड्राई फ्रूट्स महंगे, मांग में कमी



### भारत पाक में जंग का असर, मंडी में ड्राई फ्रूट्स आना बंद

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के मशहूर खारी बावली बाजार में भारत-पाक के बीच उमड़े तनाव का सीधा असर दिखाई देने लगा है।

यहां पर ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एशिया का सबसे बड़ा मेवा बाजार बावली भी इस संकट से झूझ रहा है। व्यापारियों की मानें तो भारत-पाक तनाव के कारण कई बॉर्डर बंद हो गए हैं, जिसके कारण सीमा पार से आने वाले ड्राई फ्रूट्स की आपूर्ति में कमी आ गई है। जिसकी वजह से ड्राई फ्रूट्स की कीमतें 300 से 400 रुपए तक बढ़ गई हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस हालत में ड्राई फ्रूट्स की मांग में कमी हो रही है और कीमतें भी तेजी से बढ़ रही हैं। अगले कुछ हफ्तों में यदि बॉर्डर नहीं खुले तो व्यापारियों को और नुकसान हो सकता है। मार्केट में ग्राहकों की कमी के चलते व्यापारी भी बैठे हुए हैं और माल का व्यवस्थापन मुश्किल हो रहा है। कुछ व्यापारी ने बताया कि अब तक 20 फीसदी तक ड्राई फ्रूट्स की कीमतें बढ़ चुकी हैं, जो कि ग्राहकों के लिए एक मुश्किल स्थिति है। इसी बीच ड्राई फ्रूट्स की मात्रा में भी कमी आ रही है, जिसकी वजह से उपलब्ध माल महंगा हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि यह स्थिति अभी दो महीने तक ठहर सकती है।

# आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में 0.5 प्रतिशत रही

नई दिल्ली,(आरएनएस)। देश के आठ मुख्य उद्योगों के संयुक्त सूचकांक में अप्रैल में सालाना आधार पर 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी किए डेटा में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस वर्ष अप्रैल में इस्पात, सीमेंट, कोयला, बिजली और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।आठ प्रमुख उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में हिस्सेदारी 40.27 प्रतिशत है और यह समग्र औद्योगिक विकास का इंडिकेटर है।सूचकांक में लगभग 18 प्रतिशत का भार रखने वाले इस्पात का उत्पादन अप्रैल, 2025 में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 3 प्रतिशत बढ़ा है। अप्रैल से मार्च, 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.9 प्रतिशत बढ़ा है।अप्रैल के दौरान सीमेंट उत्पादन में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अप्रैल से मार्च, 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.3 प्रतिशत बढ़ा है।इस्पात और सीमेंट दोनों क्षेत्रों ने मजबूत वृद्धि दिखाई है क्योंकि राजमार्ग, रेलवे, बंदरगाह और हवाई अड्डों जैसी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सरकार के बड़े निवेश ने इन उत्पादों की मांग को बढ़ावा दिया है। इसके अलावा, निर्माण उद्योग में भी तेजी आई है।सूचकांक में लगभग 20 प्रतिशत भार रखने वाली बिजली के उत्पादन में अप्रैल, 2025 में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अप्रैल से मार्च, 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.2 प्रतिशत बढ़ा। अप्रैल 2025 में कोयला उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.5 प्रतिशत बढ़ा, जबकि अप्रैल से मार्च, 2024-25 के दौरान इसकी संचयी वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.1 प्रतिशत रही। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में इस वर्ष अप्रैल में प्राकृतिक गैस उत्पादन में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि, ओएनजीसी के पुराने तेल क्षेत्रों के कारण अप्रैल 2024 की तुलना में इस महीने के दौरान कच्चे तेल के उत्पादन में 2.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

अप्रैल, 2025 में पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.5 प्रतिशत घटा। अप्रैल से मार्च, 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.8 प्रतिशत बढ़ा।


अप्रैल 2025 में उर्वरक उत्पादन में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 4.2 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि अप्रैल से मार्च, 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.9 प्रतिशत बढ़ा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला पड़ गया

एक दूसरा तरीका यह है कि तमाम देशों ने भारत से लगाव क्यों नहीं जाहिर किया, इस सवाल पर गंभीरता से विचार किया जाए। इस प्रश्न पर आत्म-मंथन की जरूरत है कि आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला पड़ गया है!ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान का साथ दिया, इसलिए उन दोनों देशों के प्रति भारत में स्वाभाविक गुस्सा भड़का है। इसे जताने के लिए दोनों देशों के बहिष्कार का अभियान जोर पकड़ गया है। भारतीय सैलानी वहां के लिए अपनी बुकिंग रद्द करवा रहे हैं।भारत सरकार ने भी तुर्किये के सोशल मीडिया हैंडल्स को देश में प्रतिबंधित करवा दिया है। लेकिन इस मुहिम के दौरान एक अजीब किस्म का विरोधाभास नजर आता है। पाकिस्तान का सबसे बड़ा मददगार कोई साबित हुआ है, तो वह चीन है। हालिया टकराव के समय भी उसने अपनी फौलादी दोस्ती निभाई और पाकिस्तान की संप्रभुता एवं सुरक्षा के लिए अपना समर्थन जताया।अंतरराष्ट्रीय मीडिया की रिपोर्टों पर ध्यान दें, तो संकेत मिलता है कि चीनी हथियार पाकिस्तान के लिए बेहद सहायक साबित हुए। और इस समय जबकि पाकिस्तान से तनाव कायम है, चीन ने भारत से लगी पूर्वी सीमा को गरमाने की कोशिश की है। अरुणाचल प्रदेश पर उसने फिर अपना दावा जता दिया है। मगर चीन के बहिष्कार की बात कहीं गायब है।जबकि चीन का बहिष्कार अधिक आसान है। आखिर भारतीय बाजार चीन में बनी वस्तुओं से भरे पड़े हैं, जिनसे तुरंत तौबा की जा सकती है। बात इतनी ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के समय इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी ने भी पाकिस्तान का पुरजोर समर्थन किया। इसके सदस्य 57 देशों में यूएई और सऊदी अरब भी हैं, जिन्हें भारत का दोस्त बताया जाता है। उन सबके प्रति भी चुप्पी है। वैसे गुस्सा तो आजमाये हुए दोस्त रूस के प्रति भी होना चाहिए, जिसने इस मौके पर भारत का साथ नहीं दिया। उधर अमेरिका का ट्रंप प्रशासन अपने बयानों से लगातार भारत के लिए असहज स्थिति पैदा कर रहा है।तो अपेक्षित यह है कि इन सबके प्रति भी भारतवासी आक्रोश की भावना रखें। या फिर एक दूसरा तरीका यह है कि इन तमाम देशों ने भारत से लगाव क्यों नहीं जाहिर किया, इस सवाल पर गंभीरता से विचार किया जाए। इस प्रश्न पर आत्म-मंथन की जरूरत है कि आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला हो गया है!




*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ में प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास पर राष्ट्रीय संगोष्ठी-2025 के उद्घाटन के दौरान चेक सौंपा.*

# ऑपरेशन सिंदूर: राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान का संगम

**सुश्री लक्ष्मी पुरी**

ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया है कि भारत वैधता नहीं चाहता है। देश न्याय चाहता है। भारतीय संयम को कभी भी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए।

पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी कृत्य के प्रति भारत की जवाबी प्रतिक्रिया - ऑपरेशन सिंदूर, जो अभी भी जारी है ङ्क आतंकवाद-रोधी और सैन्य सिद्धांत तथा रुख में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। अपने जोशीले भाषण में, जिसकी गूंज पूरे भारत और दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में सुनायी दी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद के किसी भी कृत्य के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई की एक नई सामान्य स्थिति स्थापित की गई है।

कोई भी देश, जो आतंकवादी अवसंरचना को पनाह देता है, उसे वित्तीय मदद देता है और उसका पोषण करता है, उसे अपने सैन्य बलों के साथ जोड़ता है और निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्रूर हमलों के लिए भारत को निशाना बनाता है, उसे त्वरित, दंडात्मक और प्रतिशोधी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। सोची-समझी सैन्य कार्रवाई से न केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बीच में भी आतंकवादी नेटवर्क ध्वस्त हो जाएंगे, भले ही राज्य प्रायोजित आतंकवादी ठिकाने आधिकारिक सुरक्षा संरचनाओं के साथ कितने भी जुड़े हुए हों।

सिंदूर सिद्धांत, भारत की संप्रभुता और सभ्यतागत लोकाचार को बनाए रखने में निहित है। इसका उद्देश्य इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना, आंतरिक एकता, सद्भाव और शांति सुनिश्चित करना और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए देश को त्वरित आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। यह सीमा-पार आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता के रुख की पुष्टि करता है और भारत को अपने सुरक्षा हितों की रक्षा में निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध करता है, जिसे पुनर्परिभाषित और विस्तृत किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है: भारत के खिलाफ़ किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई युद्ध मानी जायेगी - अब कोई संदेह की स्थिति नहीं है, किसी दूसरे तरीके से युद्ध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, आतंकवाद से होने वाले नुकसान के आगे हार नहीं मानी जाएगी। ऑपरेशन के बाद राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष प्रधानमंत्री का संबोधन सफलता की पुष्टि से कहीं अधिक था। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिए गए इस संबोधन ने एक नई रणनीतिक व्यवस्था का अनावरण किया- दृढ़, गरिमापूर्ण और भारत के सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित।

इसने एक सरल लेकिन दृढ़ संदेश दिया: भारत शांति में विश्वास करता है, लेकिन शांति को शक्ति का समर्थन होना चाहिए। अपने मूल में, प्रधानमंत्री मोदी का सिंदूर सिद्धांत तीन अलग सिद्धांतों पर जोर देता है, जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहला, भारत उन देशों के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा, जो आतंक को बढ़ावा देते हैं; जब बातचीत फिर से शुरू होगी, तो यह द्विपक्षीय होगी तथा इसमें केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर चर्चा होगी। दूसरा, भारत आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है तथा व्यापार और राष्ट्रीय सम्मान के बीच एक सुदृढ़ रेखा खींचता है। अंत में, भारत अब परमाणु धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा- ऑपरेशन सिंदूर ने निर्णायक रूप से उन सभी भ्रमों को तोड़ दिया है कि परमाणु खतरे, आतंकी कृत्यों के ढाल बन सकते हैं।

सिंदूर नाम का चयन गहन सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता को रेखांकित करता है। विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला लाल सिंदूर - पीड़ित होने के रूपक के रूप में नहीं, बल्कि पवित्र कर्तव्य और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया गया। आतंकवादियों ने इस सम्मान को अपवित्र करने की कोशिश की; भारत ने पूरी ताकत के साथ जवाब दिया। व्यक्तिगत राजनीतिक हो गया, सांस्कृतिक रणनीतिक हो गया। चूंकि आतंकी हमला कश्मीर में हुआ था, जो भारत माता का भौगोलिक और प्रतीकात्मक सिर है, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर भारत माता की रक्षा करने और उसे सलाम करने के लिए है। भारत की प्रतिक्रिया एक सैद्धांतिक विरासत का अनुसरण करती है।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लेकर 1980 के दशक के इंदिरा सिद्धांत तक तथा 1998 में पोखरण-II परीक्षणों के जरिए वाजपेयीजी के साहसिक परमाणु दावे से लेकर —जिसने वैश्विक दबावों और प्रतिबंधों के बावजूद भारत के आत्मरक्षा के संप्रभु अधिकार की पुष्टि की और विश्वसनीय न्यूनतम अवरोध की नीति स्थापित की—से लेकर उरी और बालाकोट में प्रदर्शित मोदी सिद्धांत तक, भारतीय शासन नीति ने लंबे समय से संकट के समय और राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण मामलों में संप्रभु निर्णय लेने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

सिंदूर सिद्धांत इसे आगे बढ़ाता है, आत्मविश्वास से भरे भारत ने इसका समर्थन किया है। देश अपने मूल हितों तथा अपने नागरिकों की संरक्षा और सुरक्षा के लिए स्वतंत्र व मजबूती से काम करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भू-राजनीतिक रूप से, इस ऑपरेशन ने क्षेत्रीय उम्मीदों को फिर से स्थापित किया है। आतंकवाद के लिए ढाल के रूप में परमाणु शक्ति का इस्तेमाल करने के आदी पाकिस्तान का सीधे सामना किया गया है। दंड से मुक्ति का भ्रम टूट गया है।

चीन, हालांकि औपचारिक रूप से तटस्थ है, उसे अपने सहयोगी की कमज़ोरी को समझना होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका से लेकर रूस तक, वैश्विक शक्तियाँ भारत को बाहरी संकेत या समर्थन की प्रतीक्षा किए बिना कार्रवाई करते हुए देख रही हैं। अन्य पड़ोसियों को अब अपनी दुर्भावना और भारत विरोधी कार्रवाइयों के परिणामों का आकलन करना चाहिए।

पिछले 11 वर्षों में, भारत ने कई भौगोलिक क्षेत्रों में और प्रमुख शक्तियों के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी का एक सघन और मजबूत नेटवर्क सफलतापूर्वक निर्मित किया है। इसने बहुपक्षीय और लघुपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग व्यवस्थाओं में भाग लिया है और मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, प्रमुख शक्तियों और इन साझेदारियों से जुड़े भारत के कई रणनीतिक और रक्षा संबंध अग्नि परीक्षा से गुजरे।

पहलगाम के बाद, संतोषजनक बात यह थी कि हमारे भागीदारों द्वारा आतंकवादी हमलों की सार्वभौमिक निंदा की गयी। हालाँकि, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान की तीव्र कार्रवाई के बाद, परमाणु-संपन्न पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ने के बारे में चिंताएँ व्यक्त की गईं। प्रतिक्रियाएँ इस बात से भी प्रभावित थीं कि इस सैन्य संघर्ष में उनके हथियार प्रणालियों ने कैसा प्रदर्शन किया या कि क्या प्रदर्शन करने में विफल रहे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें न केवल अपने रणनीतिक साझेदारों को सावधानी से चुनना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ये साझेदारियाँ सिंदूर सिद्धांत को शामिल करती हों।

## समरसता से परिष्कृत विकास की अवधारणा।

**संजीव ठाकुर**

देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया।

## भारत पाकिस्तान के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शशि थरूर और असुद्दीन उवैसी गुलाम नबी आजाद की भूमिका

अजय दीक्षित

कांग्रेस नेता और संयुक्त राष्ट्र संघ में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर चुके, सांसद शशि थरूर और सांसद असाउद्दीन ओवैसी का रुख भारत, पाकिस्तान के मध्य वर्तमान तनाव के दौरान जो रहा है उसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देशवासियों ने सराहा है उससे भारत के महान ब विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक व्यवस्था का सिर विश्व भर में ऊंचा हुआ है।यह घटना देश के इतिहास में हमेशा याद रखी जाएगी और इसको पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई, मौलाना आजाद,की श्रेणी में रखी जाएगी। भारत सरकार ने शशि थरूर, और असुद्दीन उवैसी को उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है जो ब्रिटेन जापान स्पेन रूस, इटली ब्राजील ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, सऊदी अरब, कतर, यमन में जाकर भारतीय पक्ष को रखेगा और इन आयोजनों को भारत की संबंधित देश की काउंसलेट करेगी।यह आयोजन भारत सरकार के मान्यता प्राप्त होंगे।शायद उस मौके के बाद दूसरा मौका होगा जब विपक्ष के नेता भारत सरकार का पक्ष रखते हैं जैसा स्व अटल बिहारी वाजपेई ने 1992 में प्रधानमंत्री नरसिंह राव के समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रखा था।उल्लेखनीय है कि असाउद्दीन ओवैसी हैदराबाद से और शशि थरूर केरल से सांसद हैं।

7 मई 2025 को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पहलगाम की आतंकी घटना पर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर जैश हिजबुल के पाकिस्तान में ठिकानों पर कार्यवाही की थी और उसका समर्थन देश के दिग्गज नेता असुद्दीन उवैसी और कांग्रेस नेता शशि थरूर ने यह कह कर किया था कि भारत सरकार ने सक्षम कार्यवाही की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का समर्थन किया था। ए आई एम् एम के नेता असुद्दीन उवैसी ने कहा कि पाकिस्तान अंतराष्ट्रीय भिखारी है और कोई भी मुसलमान या कुरान को मानने वाला यह नहीं कहता कि निर्दोषों को कत्ल किया जाए। इतना ही नहीं ओवैसी ने कहा कि भारत के मुस्लिम सुरक्षित हैं। दुनियां में सबसे ज्यादा मुसलमान भारत में ही हैं। और प्रगतिशील हैं। सांसद असाउद्दीन ओवैसी देश में भारतीय जनता पार्टी के मुखर विरोधी हैं लेकिन जब देश की बात आती है तो उन्होंने अपना रुख स्पष्ट किया।कई मौकों पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीव्र आलोचना की है।सांसद शशि थरूर का नाम कांग्रेस की ओर से नही आया बल्कि विदेशी मामलों के जानकार, संयुक्त राष्ट्र में दी गई सेवाओं की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आया है। शशि थरूर ने कहा कि पाकिस्तान को लेकर या किसी अन्य मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की नीति सही है। कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को शशि थरूर की बात गले नहीं उतर पाई है। बल्कि कांग्रेस ने कहा कि शशि थरूर लक्ष्मण रेखा पा र कर रहे हैं।पिछले कुछ दिनों से शशि थरूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समन्वय ठीक है।उल्लेखनीय है कि भारत पाकिस्तान युद्ध या तनाव को लेकर और यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप को के सीज फायर के बयान को लेकर कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरना चाहती है और सरकार इस मामले में बचना चाहती है।इसी लिए उसने शरद पवार को भी तब्बजो दी है क्योंकि उन्होंने संसद का सत्र बुलाने की कांग्रेस की मांग पर अपनी अलग राय रखी। इस समय भारत के सभी राजनीतिक दलों में इस भारत पाकिस्तान युद्ध को लेकर समीक्षा जारी है।राहुल गांधी चाहते थे कि इंडिया ब्लॉक का रूख एक हो मगर बीजेडी, टीएमसी, वाईएसआर, सीपीएम सीपीआई, एआईडीएमके ने अपने राय ही नहीं बताई है।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें।

वृष राशि : आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी जरूरी काम को प्री-प्लानिंग करके करेंगें तो काम आसानी से पूरा हो जाएगा। नवविवाहित आज जीवनसाथी के साथ किसी मूवी को देखने का प्लान बनायेंगे रिश्तों में मजबूती आएगी। मंनोरंजन पर आज अधिक पैसे खर्च होने वाले हैं। बॉस आपके द्वारा किये गये काम की लिस्ट को चेक कर सकते हैं अपनी फाइल को तैयार रखें। आज आप मंदिर की साफ - सफाई में अपना योगदान देंगे। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए है।

मिथुन राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कम्पटेटिव एग्जाम की तैयारी करने वालों को सफलता पाने के लिए अधिक मेहनत करने की जरुरत है। काम अधिक होने से आज आपको भाग ङ्क दौड़ करनी पड़ेगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज किसी नये प्रोजक्ट से आपको अधिक लाभ हो सकता है।

कर्क राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कम्पटेटिव एग्जाम की तैयारी करने वालों को सफलता पाने के लिए अधिक मेहनत करने की जरुरत है। काम अधिक होने से आज आपको भाग ङ्क दौड़ करनी पड़ेगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज किसी नये प्रोजक्ट से आपको अधिक लाभ हो सकता है।

सिंह राशि : आज आपका दिन लकी रहेगा। ऑफिस में नया काम सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे। आर्किटेक्ट और इन्जीनियरिंग वालों के लिए आज सफलता भरा दिन है।

कन्या राशि : आज का दिन आपका खुशियों से भरा रहेगा। अपने परिवार के साथ शाम का समय बिताये उनको अच्छा लगेगा। सोचे हुए काम आज खुद के दम पर पूरे होंगे। कई मामलों पर आपके पास कुछ नए और अच्छे विचार होंगे । इस राशि की महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। संगीत से रिलेटेड संस्था में एडमीशन लेने के लिए आज का दिन शुभ है। अगर आपको लगता है कि आप किसी समस्या में हैं, तो अपने लिए वक्त निकालें और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें।

तुला राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है। कॉलेज में आज आपकी गुड एक्टीविटी की वजह से टीचर्स आपसे खुश रहेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। किसी बुजुर्ग की राय आपके रिश्ते में चल रही अनबन को दूर कर देगी।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन फायदा दिलाने वाला रहेगा। समय आपके फेवर में होने के कारण मन खुश रहेगा। नौकरी या बिजनेस में फायदे के एक से अधिक मौके मिलेंगे। कामकाज की गति तेज होगी। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, साथ ही परीक्षा में सफलता आपके कदम चूमेगी। आज किसी दूसरे स्टेट में बिजनेस करने के लिए आपकी यात्रा के योग बन रहे है।

धनु राशि: आज आपका दिन आत्मविश्वास से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आज आप मीटिंग अटेंड करेंगे। छोटे भाई बहनों की ओर से आपको सरप्राइज मिल सकता है... आपके रिश्ते में मधुरता आयेगी। किसी भी चीज में निवेश करने से पहले अच्छे से सोच विचार कर लें, साथ ही किसी एक्सपर्ट की रॉय जरुर ले लें।

मकर राशि : आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं, ऐसे ही आपको आगे बढने् के नए मौके मिलेंगे। बिजनेस में अच्छे से काम को करने पर आपको फायदा होगा। स्पोर्ट्स क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं आज प्रैक्टिस में शानदार प्रदर्शन करेंगी। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे। दूसरों की मदद करने से आपको फायदा होगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट तरीके अपनाने से बचें। इस राशि के बिजनेसमैन के बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चो को मोरल स्टोरी सुनाएंगी। क्रिएटिव कामों में मन लगायेंगे और कुछ क्रिएटिव वर्क करने का प्रयास करेंगे। अविवाहित लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अचानक धन लाभ होंगे से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप अपने जरुरत का सामान खरीदेंगे। आज आपका स्वास्थ बेहतरीन रहने वाला है।

मीन राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा,.. साथ ही कलीग आपके काम में हेल्प करेंगे। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें। आपके परिवार में नन्हा मेहमान आने के योग बन रहे है। आज आपके परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा। छात्र आज किसी प्रतियोगी परीक्षा का फॉर्म भरेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज सफलता मिलेगी।

## कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रकोप की भारत सहित विश्व में फ़िर से आहट-विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों में ऐतिहासिक समझौता

**किशन सनमुखदास भावनानीं**
**गोंदिया महाराष्ट्र**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश अभी तक कोरोना वायरस (कोविड-19) की महामारी को भूल नहीं पाए है, या यूं कहें कि संभल नहीं पाए हैं,इस बीच कोरोना महामारी के अनेक वेरिएंट आ चुके हैं,लेकिन अभी मई माह में जो फिर से कोरोना वायरस की आहट हुई है यह कोविड -19 तुल्य है,ऐसी जानकारी मीडिया में आ रही है हालांकि इसका अधिक प्रकोप अभी खासकर हांगकांग सिंगापुर थाईलैंड में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है क्योंकि संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में भी 19 मई 2025 तक 257 केस आ चुके हैं, जिससे शासन प्रशासन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरहसे अलर्ट मोड में आ गए हैं,हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस आहट को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं,सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक हाई-लेवल रिव्यू मीटिंग बुलाई जिसमें एनसीडीसी, आईसीएमआर, डिसास्टर मैनेजमेंट सेल और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएमआर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं, मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता ज़रूरी है,देश की स्वास्थ्य व्यवस्थाकिसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है, परंतु इस बीच दिनांक 20-21मई 2025 की मध्यरात्रि में जिनेवा में चल रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्व स्वास्थ्य सभा 19, से 27 मई 2025 के 78 वें सत्र में सभा के सभी सदस्यों की आपसी 3 वर्षों की बातचीत के उपरांत भविष्य की महामारी में मिलकर तैयारी करने का समझौता हो गया है, जो रेखांकित करने वाली बात है मेरा मानना है कि अब पूरी दुनियाँ की कोई भी महामारी आ जाए तो अगर पूरा विश्व एक साथ एक दूसरे का सहयोग कर उसका मुकाबला करेगा तो वह कोविड-19 जैसी किसी भी महामारी का गंभीरता से मुकाबला करेगा तो उस महामारी को मैदान छोड़कर भागना ही पड़ेगा यह होता है एक और एक 11 की ताकत का सटीक




कमाल! चूँकि कोरोना महामारी कोविड -19 के प्रभाव की आहट फिर भारत सहित कुछ देशों में हो चुकी है, व तीव्रता से संक्रमण शुरू हो गया है तथा विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में भविष्य की महामारियों से एक जुट से लड़ने का ऐतिहासिक समझौता अब हो चुका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वैश्विक स्तरपर मास्क सैनिटाइजर की फिर आदत फ़िर डालना,भीड़भाड़ वाली जगह व किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए जरूरी है। साथियों बात अगर हम कोविड -19 महामारी के भारत में पैर पसारने की करें तो,हालांकि भारत में अभी मामलों की संख्या कम है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो ट्रेंड दिख रहा है, वह चिंताजनक है। अगर सही समय पर कदम नहीं उठाए गए, तो भारत भी इस नई लहर की चपेट में आ सकता है, विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में टीकाकरण का प्रभाव अब कम होने लगा है, बूस्टर डोज की जरूरत एक बार फिर बढ़ गई है, लेकिन लोग इसमें ढिलाई बरत रहे हैं।विशेषज्ञों का कहना है बच्चों बुजुर्गों, 65 साल से ऊपर के लोगों, और जिनकी इम्युनिटी पहले से कमजोर है, उन्हें यह संक्रमण तेजी से पकड़ सकता है,साथ ही मौसमी बदलाव, सामाजिक मेल जोल और अंतरराष्ट्रीय यात्रा भी इसके प्रसार को बढ़ावा दे रहे हैं अभी हुई बैठक में नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, इमरजेंसी मेडिकल रिलीफ डिवीजन, डिजास्टर मैनेजमेंट सेल, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञ मौजूद थे आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह निष्कर्ष निकाला गया न कि भारत में कोविड-19 स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। सूत्र ने बताया,19 मई 2025 तक भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 257 है। देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत आंकड़ा कम है। इनमें से लगभग सभी मामले ज्यादा गंभीर नहीं हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत भी नहीं है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बढ़ते मामलों को देखते हुए व्यापक तैयारी की जाए। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत में 12 मई से अब तक 164 मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे अधिक 69 मामले, तो वहीं महाराष्ट्र में 44 और तमिलनाडु में 34 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा कर्नाटक में कोविड-19 के 8 नए मामले, गुजरात में 6 और दिल्ली में 3 मामले सामने आए।हरियाणा, राजस्थान और सिक्किम में एक-एक नया मामला सामने आया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक है। इन घटनाक्रमों के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपातकालीन चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक बुलाई गई, बैठक में निष्कर्ष निकाला गया कि भारत में वर्तमान कोविड-19 स्थिति नियंत्रण में है. 19 मई, 2025 तक, भारत में सक्रिय कोविड-19 मामलों की संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम आंकड़ा है, इनमें से लगभग सभी मामले हल्के हैं, जिनमें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं है।हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस आहट को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं,मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है. भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएम आर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं, मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता ज़रूरी है, देश की स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है।अगर फ्लू जैसे लक्षण हों तो टेस्ट कराएं, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए,मास्क और सैनिटाइज़र की आदत फिर से डालें, खासकर भीड़भाड़ वाली जगहों पर,किसी भी अफवाह या डर का शिकार न बनें, लेकिन सतर्क जरूर रहें।

# भारत अपने फैसले खुद करता है किसी तीसरे पक्ष, ट्रंप के मध्यस्थता के दावों के बीच जयशंकर की दो टूक



नई दिल्ली,(आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों को बड़ा झटका दिया है। इस सैन्य कार्रवाई के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था, जिस पर 10 मई को अमेरिका के हस्तक्षेप के बाद सीजफायर की घोषणा कर दी गई। अब विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

जयशंकर इन दिनों यूरोप दौरे पर हैं और डच सरकारी चैनल NOS को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने पहली बार खुलकर इस संघर्ष और सीजफायर पर बात की। उन्होंने कहा, अमेरिका यह भलीभांति समझता है कि भारत एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है, जो अपने हितों के आधार पर ही निर्णय लेता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल के हमले के जवाब में भारत का संदेश साफ था, अगर इस तरह के हमले दोबारा हुए, तो कड़ा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे कहीं भी छिपे हों – भारत में हों या पाकिस्तान में।

उन्होंने यह भी कहा कि इस ऑपरेशन के जरिए एक स्पष्ट संदेश गया है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या, जो उनके परिवारों के सामने की गई, बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सीजफायर का क्रेडिट लेते हुए दावा किया था कि उन्होंने ट्रेड वार्ता के माध्यम से तनाव कम करवाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि भारत ने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया और साफ किया कि जम्मू-कश्मीर सहित भारत-पाकिस्तान से जुड़ा कोई भी मुद्दा केवल द्विपक्षीय बातचीत के जरिए ही सुलझाया जाएगा। जयशंकर ने भी यही दोहराया कि भारत अपने फैसले खुद करता है, और किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की कोई गुंजाइश नहीं है।

जयशंकर ने पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व पर सीधा हमला करते हुए कहा कि पाकिस्तान के निर्णय धार्मिक सोच से प्रेरित होते हैं। वहां का नेतृत्व, विशेषकर आर्मी चीफ, ऐसे हमलों को उकसाने में शामिल रहा है।

गौरतलब है कि 7 मई को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में स्थित कई आतंकी ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की थी, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल हमलों से भारत के कई शहरों को निशाना बनाया।

इसके बाद, 10 मई को अचानक सीजफायर का ऐलान किया गया, जिसने अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को भी चौंका दिया। भारत का रुख अब साफ है — आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, और किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार।



जशपुर के ग्राम डोकरा में जगन्नाथ मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी पत्नी के साथ.

## धनखड़ परिवार से मिले पीएम मोदी, औम प्रकाश धनखड़ ने कहा- अत्यंत स्नेह, ममत्व व परिवार से भरे पल, हम हृदय से कृतज्ञ

चंडीगढ़ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्नेहभाव के साथ अपने निवास पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री औमप्रकाश धनखड़ के परिवार से मुलाकात की। पीएम मोदी ने औमप्रकाश धनखड़ के पौत्र तेजस को स्नेह व नवविवाहित छोटे बेटे एडवोकेट आशुतोष व पुत्रवधु एडवोकेट रिया को शादी की शुभकामनाएं देते हुए धनखड़ व राठी परिवार को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी आत्मीयता के साथ पूर्व मंत्री धनखड़ के पिताजी वैद्य मोहोबत सिंह और माता जी छोटो देवी से कुशलक्षेम पूछा। लम्बी गपशप की । उनके स्वस्थ रहने और दीर्घायु की कामना की। पुत्र वधु जीना व पुत्र आदित्य को जीवन परिश्रम व पुरुषार्थ के महत्त्व पर प्रेरित किया ।



कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे ने नई दिल्ली में एआईसीसी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

## सीएम योगी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के बाद उत्पन्न आपदा की स्थिति को देखते हुए सभी संबंधित जनपदों के अधिकारियों को तत्काल राहत कार्य शुरू करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आदेश दिया, ताकि प्रभावित लोगों को समय पर सहायता मिल सके। सीएम योगी ने कहा कि अधिकारी तत्काल क्षेत्र का भ्रमण करें और प्रभावित इलाकों में सर्वेक्षण कर स्थिति का आकलन करें। उन्होंने आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान और बारिश जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनहानि और पशुहानि की स्थिति में प्रभावितों को तुरंत राहत राशि वितरित करने के निर्देश दिए। साथ ही, घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।सीएम योगी आदित्यनाथ ने फसलों को हुए नुकसान के आकलन के लिए भी स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फसल नुकसान का सर्वे कराकर विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा सके।

## देश के जांबाज सैनिकों ने आतंकी ठिकानों को उनकी सर जमीन पर ही मिट्टी में मिलने का किया काम : नायब सिंह सैनी



चंडीगढ़(आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की बधाई दी और सेना का आभार जताया। इसके उपरांत हरियाणा भवन नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के जांबाज सैनिकों ने आतंकी ठिकानों को उनकी सर जमीन पर ही मिट्टी में मिलने का काम किया है। ऐसा ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री ही ले सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने कायराना हरकत कर निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतारा। इस घटना से देश के लोग आहत थे और उनमें रोष था। देश के नागरिक आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और हमारे सैनिकों ने आतंकियों को उन्हीं की सर जमीन पर जाकर धूल में मिलाने का काम किया।नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले आतंकवादी देश में घुसकर घटनाओं को अंजाम देते थे। पूरे देश में भय का माहौल था कोई भी सुरक्षित नहीं था। लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने का काम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है आतंकवाद की बची हुई जमीन को मिट्टी में मिलाने का। जहां से आतंकवादी जन्म लेते थे और पाक उन्हें संरक्षण देता था उसी पाक की भूमि पर जाकर हमारे सैनिकों ने आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है।

## एक लाख का इनामी बदमाश ज्ञानचंद एसटीएफ से मुठभेड़ में घायल, इलाज के दौरान मौत

बाराबंकी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में बुधवार को रामनगर क्षेत्र के चौकाघाट इलाके में एसटीएफ ने मुठभेड़ के दौरान एक लाख रुपए के इनामी अपराधी ज्ञानचंद पासी को घायल हालत में गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी पुष्टि एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने की है।पुलिस ने बताया कि यूपी के गोंडा जिले में लंबे समय से फरार शातिर अपराधी ज्ञान की एसटीएफ से मुठभेड़ हो गई, जिसमें वह घायल हो गया। उसके ऊपर एक लाख रुपए का इनाम रखा गया था। पुलिस को उसके पास से एक अवैध पिस्टल, एक राइफल और एक बंदूक एवं भारी मात्रा में कारतूस भी मिले।उन्होंने बताया कि एक लाख का इनामी ज्ञानचंद पासवान पर हत्या-डकैती, चोरी समेत 70 से अधिक आपराधिक इतिहास दर्ज थे। एसटीएफ टीम को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने बताया कि 24/25 अप्रैल की रात घर में डकैती के दौरान बदमाश युवक के घर में घुसे थे। जगने पर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी।पुलिस ने बताया कि ज्ञानचंद पर हत्या, डकैती और लूट समेत 70 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज थे। एसटीएफ के अनुसार मंगलवार देर शाम इनपुट मिला था कि ज्ञानचंद बाराबंकी के रामनगर इलाके में छिपा हुआ है।

## भाजपा सरकार में सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग - अशोक गहलोत

जयपुर(आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे को लेकर केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला। अशोक गहलोत ने आरोप लगाया कि पीएम के दौरे के लिए पूरी सरकारी मशीनरी को झोंक दिया जाता है, लेकिन जनता की बुनियादी समस्याओं जैसे पीने के पानी और बिजली की किल्लत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता।उन्होंने कहा कि गंगानगर, हनुमानगढ़ और बीकानेर जैसे इलाकों में, जहां पीएम मोदी का दौरा प्रस्तावित है, लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। गहलोत ने सवाल उठाया कि सरकार और अधिकारी केवल पीएम की यात्रा को सफल दिखाने में लगे हैं, जबकि जनता की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे।



अशोक गहलोत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए मुद्दों का हवाला देते हुए कहा कि सरकार को इनका जवाब देना चाहिए। उन्होंने पूछा कि सरकार राहुल गांधी के सवालों को क्यों दबा रही है। विशेष रूप से राहुल गांधी ने पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर सवाल उठाया था कि क्या आतंकी जिंदा हैं या मारे गए, लेकिन सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है। विपक्ष सरकार के साथ है और कार्रवाई की मांग करता है, लेकिन सरकार जवाब देने से बच रही है। विपक्ष का काम सवाल उठाना है और सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इन सवालों का जवाब दे। अगर विपक्ष जनता के मुद्दों को नहीं उठाएगा, तो जनता उनसे सवाल करेगी कि उन्होंने विपक्ष के तौर पर क्या किया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कश्मीर मुद्दे पर बयान को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि ट्रंप का कश्मीर मुद्दा सुलझाने का दावा गलत है, क्योंकि यह भारत और पाकिस्तान के बीच शिमला समझौते का मसला है। गहलोत ने केंद्र सरकार से इस पर स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की।अशोक गहलोत ने भाजपा पर सरकारी धन के दुरुपयोग का भी गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग बढ़ गया है। उन्होंने जोधपुर में तिरंगा यात्रा का उदाहरण देते हुए कहा कि इसके लिए सरकारी मशीनरी, एनसीसी और स्काउट्स के बच्चों को शामिल किया गया।

## दर्दनाक हादसा : सरकारी बस और टेम्पो वैन में हुई भीषण टक्कर, 5 लोगों की गई जान

तमिलनाडु (आरएनएस)। तमिलनाडु में तजावुर-तिरुचिरापल्ली नेशनल हाईवे पर सेंगकिप्पटी ब्रिज के पास एक सरकारी बस और एक निजी टेम्पो वैन की जबरदस्त भिड़ंत में 5 लोगों की जान चली गई। इस घटना की जानकारी तजावुर की जिला कलेक्टर प्रियंका बालासुब्रमण्यन ने दी। इससे पहले, 20 मई को शिवगंगा जिले में एक अन्य दर्दनाक हादसे में भी 5 श्रमिकों की मौत हो गई थी। यह हादसा एसएस कोट्टई के पास मलकोट्टई में स्थित मेगा ब्लू मेटल नामक एक पत्थर की खदान में हुआ, जहां एक श्रमिक रॉकस्लाइड की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने इन घटनाओं पर गहरा शोक व्यक्त किया है। एक आधिकारिक बयान में मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि श्री स्टालिन ने मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये और घायल श्रमिकों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 1-1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है।




## हत्या के आरोपियों का जुलूस : पुलिस का सख्त संदेश, दहशत का अंत अब सरेआम

कोटा (आरएनएस)। कोटा ग्रामीण के कनवास क्षेत्र में 18 मई को हुए संदीप शर्मा हत्याकांड के आरोपियों का गुरुवार को पुलिस ने सार्वजनिक जुलूस निकाला। आरोपी अतीक और दीपक को न केवल गिरफ्तार किया गया, बल्कि उन्हें भारी पुलिस सुरक्षा के बीच बाजारों में घुमाया गया। इसका उद्देश्य साफ था—इलाके में फैली दहशत को खत्म करना और यह दिखाना कि कानून का डर अब सरेआम दिखेगा।

चौंकाने वाली बात यह रही कि दोनों ही आरोपी घायल अवस्था में थे। उनके पैर फ्रैक्चर हैं। मुख्य आरोपी अतीक तो सड़क पर रेंगते हुए चला। लेकिन पुलिस ने इस दृश्य को जनता के सामने लाकर एक कड़ा संदेश देने की कोशिश की—कानून से बचना अब नामुमकिन है।

### पूरा घटनाक्रम : एक नजर

कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर के मुताबिक, 18 मई को कनवास कस्बे के पास माधोपुर गांव के रहने वाले संदीप शर्मा उर्फ सालिगराम की नृशंस हत्या कर दी गई थी। संदीप पर चाकू और सरिए से हमला किया गया था। हत्या के इस मामले में अतीक और दीपक उर्फ दीपू नामक दो युवकों को आरोपी बनाया गया।

पुलिस ने जांच के बाद बुधवार को दोनों की गिरफ्तारी की जानकारी सार्वजनिक की। अगले ही दिन आरोपियों को आम जनता के बीच ले जाकर जुलूस निकाला गया।

### तकनीकी जानकार था संदीप

मृतक संदीप शर्मा का जीवन पूरी तरह तकनीक से जुड़ा हुआ था। वह सीसीटीवी कैमरा और कंप्यूटर रिपेयरिंग का काम करता था। 18 मई की दोपहर वह नरेंद्र सोनी के हीरो बाइक शोरूम पर उपकरण ठीक करने गया था। उसी दौरान उसकी निर्मम हत्या कर दी गई।इस हत्या ने इलाके को झकझोर कर रख दिया। संदीप के पिता लालचंद ने कनवास थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसके बाद पुलिस ने तफ्तीश तेज की।

### क्या था पुलिस का मकसद ?

आरोपियों का यह सार्वजनिक जुलूस केवल गिरफ्तारी दिखाने की प्रक्रिया नहीं थी। इसका उद्देश्य था—आतंक का मुकाबला उसी अंदाज़ में करना, जिस अंदाज़ में वो फैलाया गया था। पुलिस चाहती थी कि इलाके में अतीक का जो नाम डर के साथ लिया जाता था, उसे खत्म किया जाए।

इस तरह का कदम पुलिस की 'पब्लिक शेमिंग' नीति का हिस्सा भी माना जा सकता है, जिससे समाज में अपराधियों का मनोबल टूटे और आमजन को यह भरोसा मिले कि कानून उनके साथ खड़ा है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, कर्नाटक के गृह मंत्री के घर पर छापेमारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। श्वष्ठ ने मनी लॉन्ड्रिंग और सोना तस्करी से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल मामले में उनके घर पर छापेमारी की है। बता दें इससे पहले बुधवार को उनसे जुड़े शैक्षणिक संस्थानों पर छापेमारी की गई थी।

यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (PMLA) के तहत की गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईडी ने हवाला ऑपरेटरों और अन्य संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों से जुड़े लोगों को निशाना बनाया, जो कथित रूप से एक्ट्रेस रान्या राव के खातों में फर्जी लेन-देन कर रहे थे। यह पूरा मामला सोना तस्करी और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग रैकेट से जुड़ा है, जिसकी जांच पहले से ही सीबीआई और राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) कर रहे हैं। अब इसी कड़ी में ईडी ने भी संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और कार्रवाई शुरू की। सूत्रों के अनुसार, ईडी को शक है कि एक शैक्षणिक ट्रस्ट, जो गृह मंत्री जी. परमेश्वर से जुड़ा हुआ है, ने रान्या राव के क्रेडिट कार्ड बिल के भुगतान के लिए 40 लाख रुपये खर्च किए।

## अजमेर में बांग्लादेशी घुसपैठियों का खुलासा : पहचान छुपाकर रह रही थीं तीन महिलाओं की पहचान, अब तक 41 डिटेन

अजमेर (आरएनएस)। पर्यटन स्थल अजमेर में इन दिनों विदेशी घुसपैठियों के लिए शरणस्थली बनती जा रही है। ताजा मामले में अजमेर जिला पुलिस और सीआईडी जोन की संयुक्त टीम ने सिलावट मोहल्ला से तीन बांग्लादेशी महिलाओं को पकड़ा है, जो वर्षों से फर्जी पहचान के सहारे इस इलाके में छिपकर रह रही थीं। यह महिलाएं खुद को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर की निवासी बताकर यहां की आबोहवा में घुल-मिल गई थीं, लेकिन दस्तावेजों की जांच ने उनके झूठ की परतें उधेड़ दीं।

### फर्जी दस्तावेज, नकली पहचान

पुलिस जांच में सामने आया कि पकड़ी गई महिलाएं—पन्ना बेगम उर्फ अमीन, समीर, और साहनी उर्फ समीना उर्फ रिहाना—ने भारत में दाखिल होने के लिए बांग्लादेश-भारत की बेनापोल और हिल्ली सीमा से अवैध रूप से प्रवेश किया। इनकी इस गैरकानूनी एंट्री में एजेंटों की भूमिका सामने आई है, जो पैसों के बदले इन घुसपैठियों को चुपचाप सीमा पार करवाते हैं।

### ढाका की गलियों से अजमेर तक का सफर

तीनों महिलाएं मूल रूप से बांग्लादेश के जुरेंन तुला बगीचा, डाकघर फरीदाबाद, श्याम्पुर, ढाका साउथ सिटी कॉरपोरेशन की निवासी हैं। भारत में घुसने के बाद वे पहले मेदिनीपुर और फिर देश के अलग-अलग शहरों में रुकीं। आखिरकार पिछले दो वर्षों से अजमेर के दरगाह क्षेत्र में स्थायी रूप से बस गईं और स्थानीय समाज में पूरी तरह घुल-मिल गईं। इनका मकसद था—पहचान छुपाकर यहां की नागरिक व्यवस्था में सेंध लगाना।

### अलवर डिटेंशन सेंटर भेजने की तैयारी

फिलहाल तीनों महिलाओं को डिटेंशन की प्रक्रिया में रखते हुए उन्हें अलवर डिटेंशन सेंटर शिफ्ट किया जा रहा है। पुलिस की पूछताछ और कार्रवाई से यह साफ हो गया है कि इन महिलाओं के पास न तो वैध वीजा था, न पासपोर्ट और न ही भारत में रहने की कोई कानूनी अनुमति।

### लगातार खुल रही बांग्लादेशी नेटवर्क की परतें

इससे पहले मंगलवार को रूपनगढ़ इलाके से तीन और बांग्लादेशी महिलाओं को पुलिस ने पकड़ा था, जो गांव के युवकों से शादी करके स्थायी नागरिकता का जुगाड़ कर रही थीं। अब तक पुलिस के इस अभियान में 41 बांग्लादेशी नागरिक डिटेन किए जा चुके हैं, जिनमें 8 महिलाएं भी शामिल हैं।

### प्रशासन के लिए चुनौती, समाज के लिए चेतावनी

यह पूरा घटनाक्रम न केवल प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है, बल्कि स्थानीय समाज के लिए भी एक चेतावनी है कि अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे बांग्लादेशी नागरिक अब पहचान बदलकर गली-मोहल्लों में बस रहे हैं। वे न सिर्फ स्थानीय संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं, बल्कि संभावित रूप से सुरक्षा व्यवस्था के लिए खतरा भी बन सकते हैं।

### सवाल उठता है—ये एजेंट कौन हैं?

हर बार एक ही सवाल प्रशासन के सामने आता है—ये बांग्लादेशी नागरिक बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत में घुसते कैसे हैं? सीमाओं पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों से लेकर एजेंट नेटवर्क तक, कहीं न कहीं गड़बड़ी जरूर है।

इस पूरे रैकेट में शामिल एजेंटों की पहचान और गिरफ्तारी अब अगला जरूरी कदम होना चाहिए।

# कान्स 2025: रेड कार्पेट पर छाईं जाह्नवी कपूर, प्रशंसकों को याद आईं श्रीदेवी



फिल्म निर्माता बोनी कपूर और दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने खुद को दर्शकों के बीच साबित करने के लिए कड़ी मेहनत की और बहुत ही कम समय में इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया है। जाह्नवी लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करती दिख रही हैं। अब उन्होंने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में कदम रखा है। वह देसी अंदाज में रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरती नजर आईं।जाह्नवी अपनी फिल्म होमबाउंड के प्रीमियर के लिए कान्स पहुंचीं। इस दौरान रेड कार्पेट पर उनके साथ फिल्म के तमाम सितारे नजर आए। हालांकि, जाह्नवी के लुक ने सबका ध्यान खींच लिया।उन्होंने हल्के गुलाबी रंग की ड्रेस पहनी थी, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लगीं। दुपट्टे जैसी ड्रेप ने जाह्नवी के लुक में चार चांद लगा दिए।

उनकी ड्रेस मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी ने डिजाइन की थी, वहीं अभिनेत्री के इस आउटफिट को रिया कपूर ने स्टाइल किया था।रेड कार्पेट पर जाह्नवी का यह लुक देख कई प्रशंसकों को उनकी मां श्रीदेवी की याद आ गई, वहीं डाइट सब्या के अनुसार, जाह्नवी ने अपनी मां को अपने कान्स लुक के जरिए याद किया है। उनके पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक ने लिखा, जाह्नवी बिल्कुल अपनी मां जैसी लग रही हैं। एक लिखते हैं, श्रीदेवी इस वक्त बहुत खुश होंगी। अब जाह्नवी का यह कान्स लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

## मोहनलाल के जन्मदिन पर फैंस को मिला तोहफा, कन्नप्पा के निर्माताओं ने एक दमदार और तीव्र अवतार वाली विशेष झलक जारी की



मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल, जो इस समय लगातार 200 करोड़ की कमाई करने वाली फिल्मों के साथ शीर्ष पर हैं, अब बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय महाकाव्य कन्नप्पा में दिखाई देंगे, जिसका नेतृत्व डायनेमिक स्टार विष्णु मांचू करेंगे। मोहनलाल आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं और इस जश्न में चार चांद लगाते हुए, फिल्म से एक विशेष अपडेट का खुलासा किया गया है, जो 27 जून को दुनिया भर में भव्य रिलीज के लिए तैयार है।

इस खास मौके पर, कन्नप्पा के निर्माताओं ने मोहनलाल की एक दमदार और तीव्र अवतार वाली झलक जारी की है। इस छोटे से वीडियो में उन्हें दृढ़ निश्चय के साथ चलते हुए दिखाया गया है, जो स्क्रीन पर उनकी चुंबकीय उपस्थिति को दर्शाता है जो ध्यान आकर्षित करता है। रोंगटे खड़े कर देने वाले बैकग्राउंड स्कोर से भरपूर इस झलक ने काफी उत्सुकता पैदा की है।मोहनलाल ने किराता की दुर्जेय भूमिका निभाई है, जो दैवीय शक्ति से जुड़ा एक महान व्यक्ति है। मोहनलाल का कलाकारों में शामिल होना निस्संदेह फिल्म के पैमाने और अपील को बढ़ाता है, जिससे एक ऐसा प्रदर्शन होने का वादा किया जाता है जिसका सभी भाषाओं के प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।विष्णु मांचू और कन्नप्पा की टीम फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रचार अभियान आक्रामक और रणनीतिक रहा है, जिसमें प्रत्येक अपडेट सोशल मीडिया और उद्योग जगत में जबरदस्त चर्चा का विषय बना हुआ है। चरित्र पोस्टर से लेकर टीज़र तक, प्रचार अभियान हाल के दिनों में पहले कभी नहीं देखा गया है।

# मोना की मनोहर कहानियां में मेरा किरदार लोगों को अपने हिसाब से चलाता है : सृष्टि रोडे



मनोरंजन की दुनिया में एक नई और दिलचस्प सीरीज आने वाली है, जिसका नाम है मोना की मनोहर कहानियां, यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। इस सीरीज में सृष्टि रोडे और अंकुर नय्यर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। दोनों कलाकार अपने-अपने किरदारों को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि इसकी कहानी दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देगी। यह सीरीज 22 मई से शुरू होने वाली है।

इस सीरीज से सृष्टि रोडे ओटीटी की दुनिया में अपना डेब्यू कर रही हैं। उन्होंने कहा, मोना का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन बहुत अच्छा अनुभव भी रहा। मेरा किरदार काफी आकर्षक है। वह खुद को दिखाने की कोशिश नहीं करती। वह राज छुपाती है, लेकिन किसी को पता नहीं चलता। वह बेहद चालाकी से लोगों को अपने हिसाब से चलाती है, उसे देख लोग भी हैरान रह जाते हैं।

सृष्टि ने कहा कि उन्हें हमेशा से ऐसे मजबूत और थोड़े रहस्यमय महिला के किरदार काफी पसंद हैं, जैसे- फिल्म हसीन दिलरुबा में तापसी पन्नू का किरदार, 7 खून माफ में प्रियंका चोपड़ा का किरदार। ऐसे किरदार जिसमें गहराई और कई परतें हो।

एक्ट्रेस ने कहा, मोना का किरदार निभाना उनके लिए अब तक की सबसे मजेदार और चुनौतीपूर्ण वाली भूमिका रही है। मोना की मनोहर कहानियां की कहानी में बहुत सारे रहस्य और चौंकाने वाले मोड़ हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि मोना की ये मनोहर और रहस्यमयी कहानियां दर्शकों को आखिर तक बांधे रखेंगी और सबको बहुत पसंद आएंगी।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज मोना की मनोहर कहानियां की कहानी कुछ भयानक हत्याओं से शुरू होती है। इसके बाद एक जांच की ओर बढ़ती है, जो बिल्कुल भी आसान नहीं होती। इसमें इंस्पेक्टर पवन, जिसका किरदार अंकुर नय्यर निभा रहे हैं, मोना से पूछताछ शुरू करते हैं। मोना को इन हत्याओं में मुख्य आरोपी माना जाता है। शुरुआत में यह मामला आम लगता है, लेकिन धीरे-धीरे कहानी बहुत ही रहस्यमयी और रोमांचक हो जाती है।

अंकुर नय्यर ने बताया कि उनके किरदार इंस्पेक्टर पवन को लगता है कि वो पूछताछ को पूरी तरह कंट्रोल में रखे हुए है। लेकिन मोना धीरे-धीरे चालाकी से हालात को अपने हिसाब से बदल देती है। पवन और मोना के बीच जो टक्कर है, वो ज्यादा दिमागी खेल है, न कि शारीरिक का। सबसे खास बात ये है कि कहानी में हर पल कुछ नया होता है। यह आपको आखिर तक उलझाए रखती है, जिससे आप नहीं जान पाते कि आगे क्या होगा। अंकुर ने कहा, सृष्टि ने मोना के किरदार को इतना रहस्यमयी बना दिया कि हर सीन एक दिमागी लड़ाई जैसा लगने लगा। ये सिर्फ चोर-पुलिस जैसा खेल नहीं है। ये एक ऐसी कहानी है जो धीरे-धीरे आगे बढ़ती है, और जहां असली और नकली के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाता है। मोना की मनोहर कहानियां 22 मई से हंगामा ओटीटी पर स्ट्रीम होगी।



## लहराता भगवा झंडा, हाथों में तलवार, रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी का पहला पोस्टर जारी, रिलीज तारीख का ऐलान

रितेश देशमुख की नई फिल्म राजा शिवाजी का आधिकारिक तौर पर एलान किया है. एक्टर ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया है. साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया है. इस फिल्म में रितेश देशमुख एक्टर के साथ-साथ निर्देशक के तौर पर भी भूमिका निभाएंगे.

राजा शिवाजी मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है. फिल्म में रितेश देशमुख के अलावा संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी और अमोल गुप्ते जैसे कलाकार भी हैं. मुंबई फिल्म कंपनी के बैनर तले इस फिल्म का सह-निर्माण कर रही जेनेलिया देशमुख भी इस फिल्म में शामिल हैं.रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम पर राजा शिवाजी का पहला पोस्टर शेयर किया और कैप्शन में लिखा है, महाराष्ट्र के आराध्य देव, महान एवं पराक्रमी राजा छत्रपति शिवाजी महाराज को एक सिनेमरूप में अभिवादन, सादर श्रद्धांजलि देते हैं.राजा शिवाजी 1 मई, 2026 को मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम में रिलीज होगी.राजा शिवाजी के मोशन पोस्टर में शक्तिशाली छत्रपति शिवाजी महाराज को युद्ध के मैदान में दोनों हाथ में तलवार लिए खड़े दिखाया गया है. चारों ओर से आग की लपटें उठती दिखाई दे रही हैं और नारंगी मराठा झंडा ऊंचा लहरा रहा है. इसमें चेहरे को लहराते झंडे से आधा छिपाया गया है. फिल्म अगले साल महाराष्ट्र दिवस, 1 मई, 2026 को रिलीज होने वाली है.रितेश देशमुख युवा शिवाजी भोंसले की भूमिका निभाएंगे, जिन्होंने भारतीय इतिहास के स्वराज्य की नींव रखते हुए मराठा साम्राज्य की स्थापना के लिए शक्तिशाली साम्राज्यों के खिलाफ विद्रोह किया था.

# सूरज पंचोली ने केसरी वीर का शंभू हर हर किया पेश दिखाई स्पिरिचुअल पॉवर की एक झलक

फिल्म 'केसरी वीर' ने अपनी आगामी रिलीज़ से पहले एक और बड़े आकर्षण के रूप में गाने 'शंभू हर हर' को पेश किया है, जो फिल्म के आध्यात्मिक और वीरता के तत्वों को शानदार तरीके से एक साथ प्रस्तुत करता है। इस गाने में सूरज पंचोली का प्रदर्शन एक गहरे आध्यात्मिक रूप में देखने को मिलता है, जहाँ वह भगवान महादेव की शक्ति और ऊर्जा से प्रभावित दिखाई देते हैं।

गाने का दृश्यांकन कुछ इस तरह से किया गया है कि आग की लपटों और आध्यात्मिक वातावरण में सूरज पंचोली का किरदार दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। सूरज की उपस्थिति और उनके अभिनय में जो शांति और शक्ति का संयोग है, वह फिल्म की समग्र भावना को गहरे तरीके से प्रकट करता है। इस गाने को प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने अपनी आवाज दी है, जो इसे और भी रहस्यमय और प्रेरणादायक बनाते हैं। गाने के संगीत और रचनात्मकता के



लिए मोंटी शर्मा का विशेष योगदान है, जिन्होंने इसके बोल, संगीत रचना और प्रोडक्शन पर काम किया है।

'केसरी वीर' एक पीरियड वॉर फिल्म है जो सोमनाथ मंदिर की ऐतिहासिक और धर्म की रक्षा के लिए लड़े गए गुमनाम वीरों की साहसिक गाथा पर आधारित है। इस फिल्म में सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय जैसे शानदार कलाकारों के साथ-साथ सूरज पंचोली और आकांक्षा शर्मा भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म के ट्रेलर ने पहले ही दर्शकों को एक्शन, ड्रामा और भावनाओं के सही मिश्रण से प्रभावित किया है, और अब 'शंभू हर हर' गाना दर्शकों को और भी ज्यादा उत्साहित कर रहा है।

सूरज पंचोली इस फिल्म में वीर हमीरजी गोहिल की भूमिका में हैं, जो एक निडर और साहसी योद्धा के रूप में खुद को साबित करते हैं। इसके अलावा, आकांक्षा शर्मा ने राजल के रूप में दमदार एंट्री की है, जो फिल्म के प्लॉट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। एक तरफ जहां सुनील शेट्टी एक निर्भीक योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं विवेक ओबेरॉय फिल्म के खतरनाक विलेन ज़फ़र के रूप में दिख रहे हैं, जो धार्मिक परिवर्तन के लिए संघर्ष करता है।

# कछुआ एक ऐसा जीव, जिसके बारे में जाननी चाहिए ये 5 महत्वपूर्ण बातें



कछुआ एक ऐसा जीव है, जो अपने कवच की वजह से मशहूर है। यह एक अनोखा जीव है, जो पानी और जमीन दोनों पर रहता है। कछुए कई प्रकार के होते हैं और हर प्रकार के कछुए का अपना अलग-अलग अनोखा तरीका होता है। इस लेख में हम आपको कछुए से जुड़ी कुछ रोचक बातें बताने जा रहे हैं, जो शायद आपने पहले कभी नहीं सुनी होंगी।

### कछुए की उम्र होती है बहुत लंबी

कछुए की उम्र बहुत लंबी होती है। कुछ प्रकार के कछुए तो 100 साल से भी ज्यादा जीते हैं।

ग्रीक टर्टल नामक कछुए की उम्र तो 200 साल तक होती है। यह जानकर आप हैरान रह जाएंगे कि कुछ मामलों में कछुए की उम्र उनके मालिक से भी ज्यादा लंबी हो सकती है।

इसलिए अगर आपके पास कोई पालतू कछुआ है तो उसकी देखभाल अच्छे से करें ताकि वह लंबे समय तक आपके साथ रह सके।

**कछुए के कवच का होता है अलग-अलग रंग**

कछुए का कवच अलग-अलग रंगों में आता है। कुछ कछुओं का कवच हरा होता है तो कुछ का भूरे रंग का होता है। इस रंग की वजह से ही उन्हें पहचानने में मदद मिलती है। इसके अलावा कुछ प्रकार के कछुए जैसे कि लाल कान वाला कछुआ का कवच नीले रंग का भी होता है।

यह जानकारी जानकर आप हैरान रह जाएंगे कि कछुए का कवच उनके लिए सुरक्षा कवच के साथ-साथ पहचान का भी माध्यम होता है। कछुए पानी और जमीन दोनों पर रहते हैं। कुछ प्रकार के कछुए केवल पानी में रहते हैं, जबकि कुछ जमीन पर भी घूमते हैं।

पानी में रहने वाले कछुए जैसे कि कछुआ कछुओं का आकार बड़ा होता है और उनका इस्तेमाल तैरने के लिए किया जाता है, वहीं जमीन पर घूमने वाले कछुए छोटे आकार के होते हैं और उनका इस्तेमाल खाने के लिए किया जाता है। इस प्रकार जानवरों में विविधता बनी रहती है।

### कछुए अपने आकार के अनुसार खाते हैं

कछुए अपने आकार के अनुसार खाते हैं। छोटे आकार वाले कछुओं को पौधों या छोटे जीवों का आहार दिया जाता है, जबकि बड़े आकार वाले कछुओं को मांसाहारी आहार दिया जाता है।

इसके अलावा कछुओं के आहार में फल, सब्जियां और अन्य पौधों से प्राप्त खाद्य पदार्थ भी शामिल होते हैं। इस प्रकार कछुओं का आहार उनके आकार और प्रकार के अनुसार निर्धारित किया जाता है ताकि वे स्वस्थ रह सकें और अपनी प्राकृतिक आदतें बनाए रख सकें।

### कछुए धीरे-धीरे चलते हैं

कछुए धीरे-धीरे चलते हैं। उनकी चाल इतनी धीमी होती है कि इंसान आसानी से उन्हें पीछे छोड़ सकता है। हालांकि, पानी में वे तेजी से तैर सकते हैं। इस कारण उन्हें पानी में रहने वाले जीवों के साथ-साथ जमीन पर रहने वाले जीवों से अलग माना जाता है। इस प्रकार जानवरों में विविधता बनी रहती है और हर प्रकार के जीवों का अपना अनोखा तरीका होता है।

# भेड़ से जुड़े ये 5 रोचक तथ्य नहीं जानते होंगे आप



भेड़ एक ऐसा जानवर है, जो अपने मुलायम ऊन के लिए जाना जाता है। इसके अलावा यह दूध का भी स्रोत है। भेड़ें कई प्रकार की होती हैं और हर प्रकार की अपनी खासियत के लिए जानी जाती हैं।इस लेख में हम आपको भेड़ से जुड़े कुछ ऐसे रोचक तथ्य बताएंगे, जो शायद आप नहीं जानते होंगे। ये तथ्य आपको भेड़ के बारे में और अधिक जानने की प्रेरणा देंगे।

### भेड़ें क्यों गोल-गोल चलती हैं?

क्या आपने कभी गौर किया है कि जब एक झुंड में भेड़ें चलती हैं तो वे गोल-गोल घूमती हैं? इसका कारण है कि वे अपने साथी भेड़ों के पीछे चलकर खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं।गोल-गोल चलने से उन्हें अपने झुंड के अन्य सदस्यों के साथ जुड़े रहने में मदद मिलती है। इससे वे शिकारी जानवरों से भी बची रहती हैं और एकजुटता बनाए रखती हैं।

### भेड़ें अपने बच्चे को सूंधकर पहचानती

भेड़ें अपने बच्चों को सूंघकर पहचानती हैं। जब एक भेड़ का बच्चा जन्म लेता है, तो उसकी मां उसे अपने शरीर की गंध से पहचानती है।

यह गंध अन्य भेड़ों से अलग होती है, जिससे मां अपने बच्चे को आसानी से पहचान लेती है।इसके अलावा भेड़ें अपने बच्चों को अपने शरीर से रगड़कर भी पहचानती हैं। यह प्रक्रिया उनके लिए बहुत जरूरी होती है क्योंकि इससे वे अपने बच्चे को अन्य भेड़ों से अलग रख सकती हैं।

### भेड़ें क्यों घास खाते समय गर्दन हिलाती हैं?

जब भेड़ें घास खाती हैं तो उनकी गर्दन स्वाभाविक रूप से हिलती रहती है।

इसका कारण है कि उनकी शारीरिक बनावट ऐसी होती है कि उन्हें घास खाते समय गर्दन हिलानी पड़ती है ताकि वे आसानी से उसे पचा सकें। यह प्रक्रिया उनके लिए स्वाभाविक होती है और वे इसे बिना सोचे-समझे करती हैं।इसके अलावा भेड़ें अपने झुंड के अन्य सदस्यों के साथ जुड़े रहने के लिए भी ऐसा करती हैं।

### भेड़ें क्यों एक-दूसरे को चाटती हैं?

भेड़ें एक-दूसरे को चाटती हैं ताकि वे खुद को स्वस्थ रख सकें।

यह प्रक्रिया उनके लिए बहुत जरूरी होती है क्योंकि इससे उनकी त्वचा और बाल साफ रहते हैं, जिससे त्वचा पर मौजूद कीड़े-मकोड़े दूर रहते हैं।इसके अलावा चाटने से भेड़ों का आपस में बंधन भी मजबूत होता है।

भेड़ें एक-दूसरे को चाटकर अपने साथी जानवरों के प्रति प्यार और देखभाल भी दिखाती हैं, जिससे उनका सामाजिक बंधन और भी मजबूत होता है।

### क्या सभी प्रजातियों की भेड़ें ऊन देती हैं?

यह सच नहीं है कि सभी प्रजातियों की भेड़ें ऊन देती हैं। कुछ प्रजातियां बिना ऊन वाली होती हैं, जिन्हें श्रीलंका भेड़ कहा जाता है।इनकी त्वचा चिकनी होती है और इन्हें गर्म इलाकों में पाला जाता है।

इस प्रकार भेड़ों से जुड़े ये रोचक तथ्य आपको उनके जीवनशैली और व्यवहार को बेहतर तरीके से समझने में मदद करेंगे।

# वॉशिंगटन में गोलीबारी : इजरायली दूतावास के 2 कर्मचारियों की हत्या, यहूदी संग्रहालय के बाहर हुई घटना



वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में स्थित एक यहूदी संग्रहालय के बाहर हुई गोलीबारी में इजरायली दूतावास के 2 कर्मचारियों की मौत हो गई है। यह दर्दनाक घटना उस समय हुई जब म्यूजियम में अमेरिकी यहूदी समिति की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम चल रहा था।

घटना के बाद अमेरिका की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की ज्वॉइंट टेररिज्म टास्कफोर्स ने जांच शुरू कर दी है। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने कहा, हमें वॉशिंगटन में यहूदी संग्रहालय के बाहर हुई गोलीबारी की जानकारी दी गई है। हम मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के साथ मिलकर जांच कर रहे हैं। पीड़ितों और उनके परिजनों के लिए हमारी संवेदनाएं हैं। हम जल्द ही इस बारे में अधिक जानकारी साझा करेंगे।

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की मंत्री क्रिस्टी नोएम ने भी घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह एक गंभीर और दुखद घटना है। इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की मौत हो गई है। हम सक्रिय रूप से जांच कर रहे हैं और हत्यारों को न्याय के कटघरे तक लाया जाएगा। पीड़ित परिवारों के साथ हमारी प्रार्थनाएं हैं।इस बीच, संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने इस हमले को यहूदियों के खिलाफ एक आतंकी कार्रवाई करार दिया है। उन्होंने कहा, यह हमला यहूदी समुदाय को डराने और आतंकित करने का प्रयास है। हम चुप नहीं बैठेंगे। फिलहाल घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है और आसपास के इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## नफरत और कट्टरता की अमेरिका में कोई जगह नहीं', इजरायली कर्मियों की हत्या पर बोले डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन (ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार देर रात (अमेरिकी समयानुसार) वाशिंगटन में कैपिटल यहूदी संग्रहालय के बाहर इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या किए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे यहूदी विरोधी कृत्य बताया है।

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी के अनुसार, पीड़ित इजरायली दूतावास के एक पुरुष और एक महिला कर्मचारी हैं, जिनको अज्ञात हमलावर ने म्यूजियम से बाहर निकलते समय गोली मार दी। अधिकारियों ने हत्या की पुष्टि की और इसे यहूदी-विरोधी भावना से प्रेरित अपराध मानकर एक बहु-एजेंसी जांच शुरू की।ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा, डीसी में ये भयानक हत्याएं, जो स्पष्ट रूप से यहूदी-विरोधी हैं, इन्हें अब खत्म होना चाहिए। नफरत और कट्टरता का अमेरिका में कोई स्थान नहीं है। पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना। बहुत दुख की बात है कि ऐसी चीजें भी हो सकती हैं, भगवान आप सभी का भला करे।अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी हत्याओं की निंदा की और कहा, यह कायराना, यहूदी-विरोधी हिंसा का एक निंदनीय कृत्य था। कोई गलती न करें, हम जिम्मेदार लोगों का पता लगाएंगे और उन्हें न्याय के कटघरे में लाएंगे।

## पोप लियो 14वें ने पहली आम सभा में गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने की अपील की



वेटिकन (ए)। पोप लियो 14वें ने 'सेंट पीटर्स स्क्वायर' में अपनी पहली आम सभा की अध्यक्षता कर गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने और वहां के लोगों पर पड़ रहे ''हृदयविदारक'' प्रभाव को समाप्त करने का आह्वान किया।

'सेंट पीटर्स स्क्वायर' वेटिकन सिटी में सेंट पीटर बेसिलिका के सामने स्थित एक प्रसिद्ध चौक है। वेटिकन ने कहा कि पोप लियो 14वें की आम सभा में करीब 40,000 लोग उपस्थित थे। वहीं, इतिहास के पहले अमेरिकी पोप के रूप में लियो 14वें के उद्घाटन समारोह में करीब 2,00,000 लोग उपस्थित थे। शिकागो के पूर्व कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट लियो ने इस दौरान बच्चों को आशीर्वाद दिया, तीर्थयात्रियों के विभिन्न समूहों का विशेष अभिवादन किया। उन्होंने कहा, ''मैं गाजा में सम्मानजनक मानवीय सहायता के प्रवेश की अनुमति देने और शत्रुता को समाप्त करने के लिए दिल से की गई अपनी अपील को दोहराता हूं, जिसकी कीमत बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को चुकानी पड़ रही है।''आम सभा एक साप्ताहिक मुलाकात कार्यक्रम होता है, जिसे पोप दशकों से आम श्रद्धालुओं को खुद से आमने-सामने मिलने का मौका देने के लिए आयोजित करते हैं। इसमें पोप किसी विषय या धर्मग्रंथ के अंश पर संक्षिप्त विचार व्यक्त करते हैं, जिसका सारांश अन्य लोग अलग-अलग भाषाओं में देते हैं और पोप विशेष धार्मिक समूहों को विशिष्ट संदेश देते हैं। इसी उद्देश्य से लियो ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से फोन पर बात कर रूस एवं यूक्रेन के बीच युद्ध विराम वार्ता के अगले दौर की मेजबानी करने की वेटिकन की इच्छा की पुष्टि की।

## ट्रंप ने फिर लिया भारत-पाक सीजफायर का क्रेडिट, बोले- 'व्यापार के ज़रिए सुलझाया मामला'

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव को व्यापार के माध्यम से सुलझाया। बुधवार को व्हाइट हाउस में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा, अगर आप देखें कि हमने भारत और पाकिस्तान के साथ क्या किया, तो पाएंगे कि हमने उस पूरे मामले को सुलझा दिया है। मुझे लगता है कि मैंने इसे व्यापार के माध्यम से हल किया है।



उन्होंने आगे कहा, अमेरिका दोनों देशों के साथ बड़ा व्यापार कर रहा है। यह कहते हुए मुझे अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन जब दो दिन बाद कुछ हुआ, तो लोगों ने कहा कि यह ट्रंप की गलती है।

तनाव कम करने में 'महत्वपूर्ण भूमिका' का दावा

डोनाल्ड ट्रंप इससे पहले भी भारत-पाक तनाव को कम करने में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाने का दावा करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में कुछ बेहतरीन लोग और अच्छे नेता हैं, लेकिन भारत उनका करीबी मित्र है। इस पर दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा ने कहा, मोदी हमारे साझा मित्र हैं।

ट्रंप पहले भी भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम को लेकर सोशल मीडिया पर खुद को श्रेय दे चुके हैं। उन्होंने भारत और पाकिस्तान की आधिकारिक घोषणा से पहले ही दावा किया था कि दोनों देशों के बीच तनाव को शांतिपूर्वक हल कराने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है।अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) जॉन बोल्टन ने ट्रंप के इस दावे पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, ट्रंप को हर बात का श्रेय लेने की आदत है। यह भारत के खिलाफ कुछ नहीं है, यह सिर्फ ट्रंप का स्वभाव है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने पीएम मोदी से बात की थी, लेकिन जैसा कि आम तौर पर होता है, ट्रंप हर स्थिति में खुद को केंद्र में रखना पसंद करते हैं।

# भारत-पाक के बीच परमाणु युद्ध के क्षेत्रीय नहीं पूरी दुनिया पर पड़ेगा असर

### -बिलावल का यह बयान भारत के साथ सैन्य तनाव के बाद सामने आया



इस्लामाबाद,(ए)। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने चेतावनी दी है कि भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध के न केवल क्षेत्रीय, बल्कि वैश्विक स्तर पर विनाशकारी नतीजे होंगे। यह बयान भारत के साथ हाल के सैन्य तनाव के बाद समाने आया है, जिसके बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने दुनिया भर में भारत की कूटनीति का मुकाबला करने के लिए एक उच्च स्तरीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया है। बिलावल को इस प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख बनाया गया है, जिसमें सीनेटर शेरी रहमान, डॉ. मुसादिक मलिक, इंजीनियर खुर्रम दस्तगीर, हिना रब्बानी खार, फैसल सब्जवारी, तहमीना जांजुआ और जलील अब्बास जिलानी शामिल हैं।

बिलावल भुट्टो ने विदेश मंत्रालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें संघर्ष विराम, कश्मीर, आतंकवाद और सिंधु जल संधि पर भारत के 'आक्रामक रवैये' की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में ब्रीफिंग जारी रहेगी, जिसके बाद वह पीएम शहबाज के निर्देश पर शांति के लिए पाकिस्तान का पक्ष रखने कई देशों का दौरा करेंगे। बिलावल ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रीय शांति चाहता है, जो कश्मीर, आतंकवाद और जल जैसे विवादों के समाधान से ही संभव है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा शिकार है और भारत का 'न्यू नॉर्मल' न तो उसके हित में है और न ही क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सही है।बिलावल ने चेतावनी दी कि आतंकवादी हमले दोनों देशों को परमाणु जंग के कगार पर ला सकते हैं। उन्होंने कश्मीर, आतंकवाद और जल जैसे मुद्दों पर बातचीत की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोग शांति चाहते हैं। बिलावल ने भारत के पानी को हथियार बनाने की कोशिशों पर चिंता जताई और कहा कि पाकिस्तान को इस मुद्दे पर विश्व समुदाय को जागरूक करना होगा।

## नेतन्याहू ने दोहराया गाजा पर पूर्ण कब्जे का इरादा, ट्रंप से मतभेद की खबरों को बताया बेबुनियाद

यरूशलम ,(ए)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को गाजा पर पूरी तरह से कब्जा करने के अपने इरादे को दोहराया और युद्ध समाप्ति के लिए किसी भी प्रकार के समझौते की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि गाजा में 20 बंधक अब भी जीवित हैं, जबकि 38 अन्य के मारे जाने की आशंका है। पश्चिम यरूशलम स्थित अपने कार्यालय में बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेतन्याहू ने अपनी मंशा जाहिर की।

फिलिस्तीनी संगठन हमास ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वह युद्ध समाप्ति, गाजा से इजरायली सेना की वापसी और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में इजरायली बंदियों को एकमुश्त रिहा करने के लिए तैयार है।नेतन्याहू ने इन शर्तों को खारिज कर दिया है। इसके बजाय उन्होंने फिलिस्तीनी प्रतिरोध समूहों के निरस्त्रीकरण की मांग की है और गाजा पर पूरी तरह से फिर से कब्जा करने पर जोर दिया है।नेतन्याहू ने दावा किया कि एक बार ये लक्ष्य हासिल हो जाने के बाद, इजरायल तथाकथित ट्रंप योजना को लागू करने के लिए आगे बढ़ेगा -जिसे व्यापक रूप से गाजा से फिलिस्तीनियों के पुनर्वास की रूपरेखा के रूप में देखा जाता है।



## मुंबई ने दिल्ली को हराकर प्लेऑफ में मारी धमाकेदार एंट्री, सूर्य ने खेली शानदार 73 रनों की पारी

### बुमराह और सेटनर ने झटके 3-3 विकेट

मुंबई,(आरएनएस)। आईपीएल 2025 के 63 वें मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 59 रनों से हरा दिया है. इसके साथ मुंबई प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई. 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की पूरी टीम 121 रनों पर सिमट गई. इसके साथ दिल्ली का सफर यहीं पर ही खत्म हो गया. मुंबई के ओर से बुमराह ने 3.2 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि सेटनर ने 4 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट झटके.

गुजरात, अरसीबी और पंजाब के बाद मुंबई प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई है. इस जीत के साथ मुंबई के कुल 16 अंक हो गए हैं और उनका लीग का आखिरी मैच पंजाब से है.

दिल्ली की टीम 181 रनों के लक्ष्य पीछा करने में विफल रही, क्योंकि समीर रिजवी (39 रन) के अलावा उनका कोई भी बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सका. जिसकी वजह से उन्हें 59 रनों से हार का सामना करना पड़ा.

दिल्ली आईपीएल 2025 में लगातार 4 मैच जीतकर अपने अभियान की शुरूआत करने के बावजूद प्लेऑफ से बाहर हो गई. जबकि मुंबई शुरू में लगातार 5 मैच हारने के बाद भी प्लेऑफ में क्वालीफाई करके सबको एक बार फिर चौंका दिया है.

इससे पहले टॉस हारने के बाद मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 180 रन बनाए, जिसमें अंतिम दो ओवरों में 48 रन बने. सूर्यकुमार 16वें ओवर की समाप्ति पर 28 गेंदों पर 35 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन डेथ ओवरों में उन्होंने आक्रामक शुरुआत की. उन्होंने अंतिम ओवर में दुष्मंथा चमीरा की धज्जियां उड़ाते हुए दो छक्कों और दो चौकों सहित 21 रन बनाए.

सूर्यकुमार ने स्कोर में तेजी लाने के लिए सही समय का इंतजार किया, खेल को गहराई तक ले गए और डेथ ओवरों में टीम को महत्वपूर्ण गति प्रदान की. सूर्य ने 43 गेंद पर 73 रनों की इनिंग खेली, जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल थे.

पहले सात ओवरों में नियमित अंतराल पर मुंबई इंडियंस के विकेट खोने के बाद उन्होंने और तिलक वर्मा ने 55 रनों की साझेदारी की. तिलक ने 27 गेंदों पर 27 रन बनाए, जबकि नमन धीर ने शानदार फिनिशिंग टच देते हुए सिर्फ 8 गेंदों पर 24 रन बनाए.

## आयरलैंड की हैट्रिक जीत, वेस्टइंडीज को फिर हराया, पॉल स्टर्लिंग ने रचा नया इतिहास

डबलिन,(आरएनएस)। आयरलैंड ने बुधवार, 21 मई को डबलिन के कैसल एवेन्यू में वेस्टइंडीज पर ऐतिहासिक 124 रनों की जीत दर्ज की. तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में जीत 304 के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 34.1 ओवर में 179 पर ही ढेर हो गई.

यह वनडे क्रिकेट में वेस्टइंडीज पर आयरलैंड की लगातार तीसरी जीत थी. वैसे कुल मिलाकर, आयरलैंड ने वेस्टइंडीज पर अपनी चौथी जीत दर्ज की. आयरलैंड की टीम ने एंडी बालबर्नी के शतक और गेंदबाजी इकाई के सामूहिक प्रयास की बदौलत ये बड़ी जीत दर्ज की.304 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज ने पारी की शुरुआत में ही लड़खड़ा गई और उनके 31 के स्कोर पर ही 5 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए. उसके बाद जस्टिन ग्रीव्स (17 गेंदों पर 35 रन), रोस्टन चेज (76 गेंदों पर 55 रन) और मैथ्यू फोर्ड (48 गेंदों पर 38 रन) ने कुछ अच्छी पारियां खेलीं, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं थीं. आयरलैंड की ओर से मकार्थी ने 4 जबकि डॉक्रेल ने 3 विकेट लिए.इससे पहले मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर आयरलैंड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (54) और एंडी बालबर्नी (112) ने पहले विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी की. इसके बाद बल्लेबाजो ने रन बनाने की गति को जारी रखा और टीम ने 300 रनों का आंकड़ा पार किया. हैरी टेक्टर ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 56 रन बनाए, मैथ्यू फोर्ड और अल्जारी जोसेफ ने क्रमश: तीन और दो विकेट लिए.

## इंग्लैंड में दिखेगा भारतीय क्रिकेट टीम का वैभव, बीसीसीआई ने किया सूर्यवंशी के नाम का ऐलान



### भारत की अंडर-19 16 सदस्यीय टीम की घोषणा

मुंबई(आरएनएस)। टीम का ऐलान बीसीसीआई ने कर दिया है।इस टीम की कमान आयुष म्हात्रे के हाथों में हैऔर 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह दी है, जो आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले थे। वैभव ने 35 गेंदों में शतक जडक़र सुर्खियां बटौरी थी, ये आईपीएल इतिहास में किसी भी भारतीय द्वारा सबसे तेज शतक है। पूरी टीम इस प्रकार है-आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।

### शेड्यूल इस प्रकार है

24 जून : 50 ओवर का वार्म-अप मैच
27 जून : पहला वनडे
30 जून : दूसरा वनडे
2 जुलाई : तीसरा वनडे
5 जुलाई : चौथा वनडे
7 जुलाई : पांचवां वनडे
12 से 15 जुलाई : पहला मल्टी-डे मैच
20 से 23 जुलाई : दूसरा मल्टी-डे मैच

## टोटेनहम हॉटस्पर ने रचा इतिहास, मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर 17 साल बाद जीता यूरोपा लीग का खिताब

बिलबाओ (स्पेन), (आरएनएस)। टोटेनहम हॉटस्पर ने 22 मई, बुधवार को यहां स्पेन के बिलबाओ में मैनचेस्टर यूनाइटेड पर 1-0 की मामूली जीत के साथ यूरोपा लीग फाइनल जीतकर अपने 17 साल के लंबे ट्रॉफी सूखे को खत्म किया. 2008 में लीग कप जीतने के बाद से यह उनकी पहली खिताबी जीत है.पहले हाफ में ब्रेनन जॉनसन का गोल मैच में बनाया गया एकमात्र गोल साबित हुआ. इस मैच में कोई बेहतरीन फुटबॉल नहीं देखने को मिला, लेकिन नॉर्थ लंदन के इस क्लब के लिए यह बहुत मायने रखता था. मैनचेस्टर यूनाइटेड को 16 मौके मिले, जिनमें से छह निशाने पर लगे, लेकिन वे सफलता नहीं पा सके. इस करारी हार के साथ, रुबेन एमोरिम के पुरुष अब अगले सत्र में यूरोपीय प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे.जॉनसन के गोल को छोड़कर, पहला हाफ दोनों टीमों के लिए यादगार नहीं रहा. वे गेंद को अपने कब्जे में रखने में लापरवाह थे।

## उत्तराखंड के रोहित भट्ट ने एवरेस्ट फतह किया, द्रौपदी का डांडा पर्वतारोहियों को भी श्रद्धांजलि

नईदिल्ली, (आरएनएस)। उत्तराखंड के टिहरी जिले के रहने वाले पर्वतारोही रोहित भट्ट के नाम और उपलब्धि जुड़ गई है. रोहित भट्ट ने आज सुबह माउंट एवरेस्ट आरोहण किया है. पर्वतारोही रोहित भट्ट ने माउंट एवरेस्ट पर तिरंगे को लहराया और इसी के साथ ये पल उनकी जीवन का खास पल बन गया. इस दौरान रोहित ने उनसे बिछुड़ चुके 29 पर्वतारोहियों को भी श्रद्धांजलि दी।

उनके इस सफल आरोहण में उनके साथ शेरपा समेत दो लोग मौजूद थे. वहीं रोहित भट्ट की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी का माहौल है. इससे पहले रोहित भट्ट अप्रैल महीने में दुनिया की सबसे ऊंची माउंट एवरेस्ट चोटी को फतेह करने के लिए रवाना हुए थे. इस यात्रा के परमिशन मिलने के बाद रोहित काफी खुश नजर आए थे।

पर्वतारोही रोहित भट्ट उत्तरकाशी में 4 अक्टूबर 2022 में द्रौपदी का डांडा 2 में हुए हिमस्खलन में सकुशल बच गए थे. इस एवलॉन्च हादसे में निम के 41 पर्वतारोहियों का दल था. जिसमें 34 प्रशिक्षु, 7 प्रशिक्षक थे और हादसे में 29 की मौत हो गई थी. इस हादसे के बाद पर्वतारोही रोहित भट्ट ने कुछ महीने बेड रेस्ट करके फिर से पर्वतारोहण के लिए तैयारी की. जिसके बाद उन्होंने अपनी मंजिल को पाया।

## पंजाब किंग्स की जीत के लिए प्रीति जिंटा ने खाटू श्याम दरबार में प्रार्थना की




नई दिल्ली (ए)। बॉलिवुड अभिनेत्री और आईपीएल टीम पंजाब किंग्स की सहामालिक प्रीति जिंटा ने टीम की जीत के लिए खाटू श्याम के दरबार में प्रार्थना की है। प्रीति ने मंदिर में श्याम बाबा के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। प्रीति विदेश में रहने के बाद भी अपनी जमीन से जुड़ी हैं। इसी कारण जयपुर में 18 मई को राजस्थान रॉयल्स के साथ हुए मैच को जीतने के बाद वह सीधे रींगस स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचीं थीं। इस दौरान प्रीति ने खाटू नरेश के दर्शन किए और हाथ जोड़कर भगवान का आशीर्वाद लिया। खाटू श्याम के दरबार में प्रीति जिंटा की ये पहली हाजिरी थ। उन्होंने मंदिर में हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर जीत के लिए प्रार्थना की। दर्शन के बाद वह काफी शांत नजर आयीं। प्रीति का स्वागत पूर्व श्री श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष, प्रताप सिंह ने किया। प्रीति ने अपनी यात्रा के दौरान सभी धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए। दर्शन के बाद, प्रीति को मंदिर समिति कार्यालय में श्याम दुपट्टा भेंट किया गया। उन्हें एक चांदी का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। प्रीति आईपीएल के दौरान बेहद सक्रिय रही हैं। वह स्टेडियम से अपनी टीम का हौसंला बढ़ती रही हैं। पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है और अब उसका लक्ष्य खिताब जीतना है।

# सनराइजर्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी आरसीबी

लखनऊ (ए)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को आईपीएल लीग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत के साथ ही शीर्ष दो टीमों में जगह बनाना चाहेगी। आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए पहले ही क्वालीफाई कर दिया है। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी आरसीबी 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत हासिल कर वह पहले दो में पहुंचना चाहेगी। इस मैच को बारिश के कारण बेंगलुरु से लखनऊ स्थानांतरित किया गया है। इस सत्र में आरसीबी का प्रदर्शन अब तक काफी अच्छा रहा है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी लय में है जिससे वह जीत की प्रबल दावेदार है। उसका लक्ष्य इस बार किसी भी हाल में खिताब जीतना है।

उसके प्रमुख खिलाड़ी विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं, विराट ने अब तक 11 पारियों में सात अर्धशतक बनाए हैं। वहीं कप्तान रजत पाटीदार, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो उसके पास क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा जैसे स्पिनर हैं। वहीं तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी यश दयाल पर रहेगी। इस मैच में जोस हेजलवुड कंधे की चोट के कारण नहीं खेलेंगे। वहीं दूसरी और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ सत्र का समापन करना रहेगा।

इस सत्र में उसकी बल्लेबाजी असफल रही है। आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये जिससे टीम सत्र में अधिकतर मैच हार गयी। उसके पास पैट कमिंस और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज हैं पर ये दोनो भी इस सत्र में असफल रहे।



दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

सनराइजर्स हैदराबाद

पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतिश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

### राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने सीएम को मूंग खरीदी के लिए ज्ञापन सौंपा

सिवनी मालवा। डोलिरिया (निप्र)। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला नर्मदापुरम के पदाधिकारी ने सिवनी मालवा में जाकर मुख्यमंत्री को तिरंगा यात्रा रुकवा कर मूंग खरीदी एवं पंजीयन की अधिसूचना लागू एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी जावे को लेकर सोपा ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गीता मीणा के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा मध्य भारत प्रांत उपाध्यक्ष जितेंद्र भार्गव प्रांतीय मंत्री विनोद चौरसिया जिला अध्यक्ष शिवराज राजोरिया जिला उपाध्यक्ष केसरी सिंह पटेल जिला अध्यक्ष ममता मीना जिला सहसंयोजक ललित गुर्जर खुमान सिंह पटेल ब्लॉक अध्यक्ष बनखेड़ी निरज पटेल मुकेश पटेल बनखेड़ी ब्लॉक अध्यक्ष सुहागपुर सतीश रघुवंशी ब्लॉक अध्यक्ष सिवनी मालवा जगदीश लवंशी महिला ब्लॉक अध्यक्ष नर्मदापुरम प्रियंका मेहरा लता दीदी उपस्थित रहे।

# नर्मदापुरम जिले की भूमि उपजाऊ एवं समृद्ध है जिले के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी - मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

## सिवनी मालवा में खेल स्टेडियम बनानें की घोषणा की

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि नर्मदापुरम जिले की भूमि उपजाऊ एवं समृद्ध है, यहां कृषि आधारित उद्योग लगानें के लिए शासन कृत संकप्लित है। नर्मदापुरम जिले के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। नर्मदापुरम में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर निवेश को प्रोत्साहित किया गया है। आने वाले समय में नर्मदापुरम जिला एक औद्योगिक विकसित जिला बनेगा। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को सिवनी मालवा में 97.07 करोड़ के 31 कार्यों का लोकार्पण एवं 102.94 करोड के 48 कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सिवनी मालवा में खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि नर्मदपुरम जिला एतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टी से महत्वपूर्ण जिला है। हमारे देश की पहचान कृषि से होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं श्रमिक सभी वर्ग के लिए योजनाऐं बनाई है। मध्यप्रदेश शासन भी गरीब वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने





भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने दुश्मनों को परास्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृती जियो और जीने दो पर आधारित है। पूरी पृथ्वी हमारा परिवार है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारा प्रदेश देश के मध्य में है इसलिए हमारी जवाबदेही और जिम्मेदारी ज्यादा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने इस बार 2600 रूपए प्रति क्विंटल के मान से किसानों से गेहूं खरीदा है। आने वाले समय में हम 05 लाख के सोलर पंप पर 90 प्रतिशत राशि का अनुदान देंगे। सोलर पंप में जो मीटर लगेगा उससे किसानों को फ्री में बिजली मिलेगी और आने वाले समय में सरकार किसानों से बिजल खरीदेगी भी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 26 मई को नरसिंहपुर जिले में किसान उद्योग समागम मेले का आयोजन किया जाएगा। 03 दिवसीय इस मेले में अत्याधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा।

आने वाले समय में रीवा सतना और चंबल में भी ऐसे ही मेले आयोजित किये जाऐंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन ने हर खेत में सिंचाई हेतु पानी पहुचाने का संकल्प लिया है। पहले प्रदेश के 07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा भी जिसे बढ़ाकर 55 लाख हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता विकसित कर ली गई है। आने वाले समय में 100 लाख हेक्टेयर में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाडियों को प्रोत्साहित करनें में कोई कोर कसर नहीं छोड रही है। नर्मदापुरम जिले के हॉकी खिलाडी विवेक सागर को ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करनें पर 01 करोड की प्रोत्साहन राशि दी गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा वर्गों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 01 लाख सरकारी पदों पर भर्तियां की जाएगी। साथ ही आगामी 05 वर्षों में 2.50 लाख सरकारी पद भरे जाऐंगे। मुख्यमंत्री नें बताया कि विगत 15 वर्षों में इस वर्ष 10वी एवं 12वी की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट सबसे बेहतर आया है। उन्होनें बताया कि इस वर्ष सरकारी स्कूल के बच्चों ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है।

# समर कैंप के अंतर्गत विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। पंडित रामलाल शर्मा सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल हरदा बाईपास रोड बुधवारा में चल रहे समर कैंप में चल रही विभिन्न खेल गतिविधियां, बैडमिंटनए स्विमिंगए योग ए हॉकी के 12 वे दिन बच्चों को कोच प्रवीण मीना द्वारा स्विमिंग बैडमिंटन आदि का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों को तैराकी बैडमिंटन के अंतर्गत रूल्स एंड रेगुलेशन बताए गए एवं बैडमिंटन की स्किल्स शॉर्ट सर्विस लॉन्ग सर्विस रमेश के बारे में बच्चों को बताया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर पंडित रामलाल शर्मा सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल हरदा बाईपास रोड बुधवारा स्कूल के संचालक अरुण शर्मा एवं स्कूल के प्राचार्य अरुण अग्रवाल एवं शिक्षक सीमा मीनाए भावना शर्मा एवं स्कूल के कोच प्रवीण मीना उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल के संचालक अरुण शर्मा द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का हैलीपैड पर हुआ आत्मीय स्वागत

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का गुरूवार को नर्मदापुरम जिले में आगमन हुआ। स्थानीय हैलीपैड पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिहं, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीता सरन शर्मा,



नरसिंहपुर - होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ यादव का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद सुरेश पचौरी, नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव, म.प्र. तैराकी संघ के अध्यक्ष पियूष शर्मा, पूर्व विधायक श्रीमती सविता दीवान शर्मा, श्रीमती प्रीति पवन शुक्ला, सुश्री राजो मालवीय, महेन्द्र यादव, माधव दास अग्रवाल, नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सिवनी मालवा में भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में निकली "तिरंगा यात्रा"

**"भारत माता की जय" और "वंदे-मातरम्" के उदघोष से गूंज उठा सिवनी मालवा शहर**



नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा में देश के वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। अपार जोश और उल्लास के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा स्थानीय शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्रारंभ हुई और नर्मदापुरम मार्ग से होकर कृषि उपज मंडी प्रांगण में पहुंच कर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव तिरंगे फूलों से सजाए गए विशेष रथ में सवार थे। उन्होंने इस दौरान हाथ हिलाकर नागरिकों का अभिवादन किया। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा शहर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया और आसमान भारत माता की जय और वंदे-मातरम् के उदघोष से गुंजायमान रहा। इस यात्रा में प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा लिए सभी समुदायों और सभी आयु वर्ग के नागरिकगण बड़ी संख्या में इस तिरंगा यात्रा में भरपूर उत्साह के साथ शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान तिरंगा यात्रा में शामिल नागरिकों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक संगठनो द्वारा आतिशबाजी की गई और तिरंगा यात्रा में शामिल नागरिकों पर पुष्प वर्षा भी की गई।



# सीएम की सभा के आमंत्रण कार्ड से कई जनप्रतिनिधियों के नाम नदारद

## जिला पंचायत अध्यक्ष बोली उपेक्षा कर रहे अफसर

सिवनी मालवा। डोलरिया। (निप्र)। सिवनी मालवा में सौ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की है। सीएम की सभा के आमंत्रण कार्ड से कई जनप्रतिनिधियों के नाम हटाकर उनकी उपेक्षा की है। नतीजतन जो जनप्रतिनिधि सीएम के प्रोग्राम को लेकर अति उत्साहित थे उनके चेहरों पर अब मायूसी रही। जिला प्रशासन के आमंत्रण कार्डों पर से जिला पंचायत अध्यक्ष राधा सुधीर गौर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, सिवनी मालवा नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन जनपद पंचायत अध्यक्ष रेणुका मृग्रेंद्र मंडलोई का नाम नही होने से सभी जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। सीएम का कार्यक्रम होने के चलते इनमें से हर जनप्रतिनिधि खुलकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करने से तो बच रह हैं पर आमंत्रण कार्डों पर नाम नहीं होने की टीस जरूर है।जिला पंचायत अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल का कहना है की प्रशासन के द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की गई है जो की गलत है जिसको लेकर कलेक्टर से चर्चा करेंगे। पूर्व में भी अनेक बार जिला पंचायत अध्यक्ष की उपेक्षा होती रही है।

### जला पंचायत अध्यक्ष ही नहीं नर्मदापुरम जिले की जनता का अपमान हुआ- हाकम सिंह गुर्जर

जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह गुर्जर ने बताया कि अध्यक्ष सहित जिला पंचायत के सदस्यों ने किया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का बहिष्कार किया है। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा सुधीर पटेल का नाम आमंत्रण पत्र में नहीं होने एवं नहीं बुलाने पर जिला पंचायत अध्यक्ष नहीं अपितु वह पूरे नर्मदापुरम जिले की जनता का अपमान है यह आरोप जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 9 के सदस्य हाकम सिंह गुर्जर ने जारी अपने बयान में लगाया है क्योंकि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा बाई पटेल आदिवासी समुदाय से आती हैं उनके साथ ही ज्यादातर जिला पंचायत सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से दूरी बना ली।

उन्होंने कहा कि 22 मई को नर्मदापुरम जिले में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कई करोड़ रुपए केनिर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया है इसी कड़ी में हाल ही में पंचायत ग्रामीण विभाग द्वारा मंजूर सामुदायिक भवनों का भूमि पूजन भी मेरे जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 9 में हुआ है भूमि पूजन शिलालेख में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रभारी मंत्री राकेश सिंह दोनों सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं श्रीमती माया नारोलिया तथा चारों विधायक डॉक्टर सीता शरण शर्मा ठाकुर विजयपाल सिंह प्रेम शंकर वर्मा एवं ठाकुरदास नागवंशी का नाम दर्ज है लेकिन विभागीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का नाम एवं क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंच का नाम भी दर्ज नहीं है।

### जिला पंचायत प्रतिनिधियों की अनुदेखी

श्री गुर्जर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की शिकायत पहले भी जिला पंचायत अध्यक्ष नर्मदापुरम उपाध्यक्ष तथा सभी जिला पंचायत सदस्य कमिश्नर कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ एवं विभागीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से लिखित में कर चुके हैं लेकिन अधिकारी जानबूझकर जिला पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी लगातार कर रहे हैं यह गलत है।

### प्रगति कम पाए जाने पर 05 उपयंत्रियों एवं 09 ग्राम पंचायतों के सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी

सीहोर (आरएनएस)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने आष्टा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर आष्टा जनपद में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान, आवास योजना, समग्र ईकेवाईसी, नल जल योजना, वृक्षारोपण, मनरेगा, एसबीएम, एनआरएलएम एवं आयुष्मान कार्ड सहित सभी विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की और संबंधितों को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# निर्माणाधीन स्टेडियम का नाम महर्षि वाल्मीकि स्टेडियम करने की मांग

## जिला वाल्मिकी पंचायत राज्यसभा सांसद संत उमेश नाथ को दिया ज्ञापन

नर्मदापुरम( निप्र) । सर्किट हाउस घाट पर माँ नर्मदा का पूजन अर्चन करने पहुंचे संत बाल योगी उमेश नाथ महाराज राज्य सभा सांसद से स्थानीय नागरिकों ने मिलने के दौरान शहर के दशहरा मैदान में निर्माणाधीन स्टेडियम का नामकरण महर्षि वाल्मीकि स्टेडियम घोषित करते हेतु जनाकांक्षापूर्ण ज्ञापन दिया।

दशहरा मैदान में सरकार द्वारा खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य कराया जा राह है। निश्चय ही इस स्टेडियम के माध्यम से खेलों के प्रति नवोदित एवं भावी प्रतिभाओं को प्रेरित पल्लवित एवं प्रशस्त होने के पर्याप्त संसाधन एवं अनुकूल अवसर प्राप्त होंगे। यह बात राष्ट्रीय संत बाल योगी उमेश नाथ महाराज पीठाधीश्वर श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम उज्जैन राज्य सभा सांसद वाल्मीकि समाज के लोगों ने कही कि स्टेडियम के निकटतम क्षेत्र में व्यापक रूप से दलित वर्ग के निवासी निवास करते है। इसी मैदान में खेलों के प्रति सकिय रुचि रखने वाले किशोर एवं युवा वर्ग के खिलाडी खेल की विभिन्न विधाओं में नित्य अभ्यास करते रहते है। निवासियों की मांग है कि इस स्टेडियम का नामकरण आदिकवि रामायण के मूल रचियता महर्षि वाल्मिकि के नाम पर महर्षि वाल्मिकि स्टेडियम घोषित किया जाए। इस मौके पर वाल्मीकि समाज के जिला पटेल रामदास बड़गूजर जिला चौधरी जीवनलाल कटारिया देवीदास चावरे कैलाश चावरे राजेंद्र दोहरे बबलू बहोत्रा उमेश बड़गूजर दीपक राठौर ओम प्रकाश बड़गूजर मुकेश चौहान हुकुम कटारिया रितेश टॉक पंकज चुटिले भाजपा के जिला महामंत्री प्रसन्न हरने मुकेश चंद्र मैना जिला कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी भाजपा नेता नागेंद्र तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत नगर मंत्री मनीष परदेसी युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल, एवं अनेक जनप्रतिनिधि सामाजिक बंधु वहां पर उपस्थित थे।

# जिला क्षय केंद्र में चेस्ट एक्सरा प्रारंभ



नर्मदापुरम( निप्र) । सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि जिला क्षय केंद्र नर्मदापुरम में चेस्ट छाती का एक्सरा जांच प्रारंभ हो गई है। टीबी रोग के संभावित मरीजों, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग जो धूम्रपान करते हैं या शुगर बीमारी से पीड़ित हैं एवं लगातार 2 हफ्ते से खांसी चल रही है ऐसे मरीजों की छाती चेस्ट की एक्सरा जांच जिला क्षय केंद्र में प्रारंभ हो गई है।

## बारिश से पहले नाले की सफाई और निर्माण कार्य पूरे हो-नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

सीहोर(आरएनएस) ।बारिश से पहले नगर पालिका ने नालियों और नालों की सफाई शुरू करा दी है। सफाई कर्मचारियों ने नगर के विभिन्न वार्डों के साथ बाजार में मौजूद नालों की सफाई की। इस दौरान नाले में फंसे पत्थर और दूसरे कचरे को अमले ने साफकिया। इसके अलावा शहर में नालियों और सड़कों के निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। गुरुवार को शहर के वार्ड क्रमांक सात अंतर्गत आने वाले सुदामा नगर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने करीब 35 लाख के विकास कार्य का भूमि-पूजन यहां पर मौजूद नागरिकों से कराते हुए कहाकि हमारे शहर में बारिश से पहले निर्माण कार्य पूर्ण किए जाऐंगे। वार्ड क्रमांक सात में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि के रूप में विजेन्द्र परमार ने बताया कि क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे है। हमारे वार्ड में गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष राठौर के द्वारा करीब 15 लाख की लागत से नाली निर्माण के अलावा करीब 20 लाख की लागत से होने वाले सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया गया। वहीं नपाध्यक्ष राठौर ने यहां पर मौजूद नगर पालिका अमले के अधिकारियों से कहाकि बारिश से पहले नगर के सभी नाले और छोटी-बड़ी नालियों की सफाई कराई जाए, जिससे बारिश में पानी उफान आकर सामने सड़कों या नागरिकों के घरों के सामने जमा न हो। वहीं अधिकारियों ने नगर के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आप लोग घरों से निकले हुए कचरे को नाले और नालियों में न फेंके। आप के द्वारा फेंके गए कचरे से नाले और नालियां चोक हो जाती हैं।

## आयुष विभाग द्वारा नर्मदापुरम जिले के 6 ब्लॉक मे एक साथ देवारण्य योजना अंतर्गत अश्वगंधा की खेती का खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण स्वसहायता समूह के सदस्यों को दिया गया




नर्मदापुरम( निप्र) । आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन के द्वारा चलाई जा रही देवारण्य योजना के अंतर्गत आयुष विभाग नर्मदापुरम मे जिला आयुष अधिकारी डॉ विमला गढ़वाल निर्देशन में गत दिवस 21 मई 2025 को नर्मदापुरम जिले के 6 ब्लॉक मे एक साथ एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत अश्वगंधा की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए स्वसहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें अश्वगंधा की खेती से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई एवं बुआई से लेकर बिक्री तक की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण आयुष विभाग से बनाये गए ब्लॉक नोडल अधिकारियो के मार्गदर्शन मे सम्पन्न हुए। ब्लॉक नोडल अधिकारियो मे क्रमशः सिवनी मालवा मे डॉ सुरेन्द्र कौशल, माखननगर मे डॉ गौरव भेरुआ, बनखेड़ी मे डॉ रमाकांत मिश्रा, सोहागपुर मे डॉ सुनील यादव, पिपरिया मे डॉ विजय उइके एवं केसला मे डॉ जयश्री बारस्कर रहे। सभी ब्लॉक मे ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारियो ने प्रशिक्षण दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी ब्लॉक नोडल अधिकारियों आयुष विभाग द्वारा स्व सहायता समूह के समस्त सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com